


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल






वर्ष 04, अंक 13 | ग्वालियर मंगलवार 2 मार्च 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




# पीएम मोदी ने कोरोना वैक्सीन की पहली डोज ली, दिल्ली एम्स में लगवाया टीका

**नई दिल्ली। कोरोना वायरस के खिलाफ वैक्सीनेशन अभियान का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वैक्सीन की पहली डोज ली. पीएम मोदी सुबह-सुबह दिल्ली एम्स पहुंचे और वैक्सीन की पहली खुराक ली, साथ ही उन्होंने देशवासियों से वैक्सीन लगवाने की अपील भी की है. उन्होंने ट्वीट करके कहा कि मैंने एम्स में कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक ली, यह तारीफ के काबिल है कि कैसे हमारे डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने कोरोना के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूती देने के लिए तेजी से काम किया.**

उन्होंने कहा कि मैं सभी से अपील करता हूं जो भी वैक्सीन लगवाने के योग्य है, वह भारत को कोरोना मुक्त बनाने में साथ आए. ताते चलें कि कोविड -19 वैक्सीनेशन अभियान का दूसरा चरण 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों और अन्य बीमारियों से पीड़ित 45 साल या उससे अधिक आयु के लोगों के लिए आज से शुरू हो गया. को-विन2.0 पोर्टल पर पंजीकरण सोमवार सुबह नौ बजे शुरू होगा. नागरिक किसी भी समय और कहीं भी टीकाकरण के लिए रजिस्ट्रेशन और बुकिंग2.0 पोर्टल का उपयोग करके या आरोग्य सेतु जैसे अन्य आईटी एप्लीकेशन के माध्यम से कर सकते हैं. टीकाकरण के लिए रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पहले ही करवाना होगा. टाइम स्लॉट के हिसाब से टीका लगवाने लाभार्थी पहुंचेंगे. आज दोपहर 12ः00 बजे से लेकर दोपहर 3ः00 बजे तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होंगे जबकि दो मार्च के बाद से सुबह 9ः00 बजे से लेकर दोपहर 3ः00 बजे तक रजिस्ट्रेशन होंगे. 45 से 59 वर्ष के लोग 20 तरह की पुरानी गंभीर बीमारी का फॉर्म रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर से प्रमाणित कराकर लाएंगे तभी उनको टीका लगेगा. फिलहाल ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा दिल्ली में नहीं दी गई है।

## आर हरि कुमार ने नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार संभाला



**नई दिल्ली** । वाइस एडमिरल आर हरि कुमार, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम ने मुंबई में 28 फरवरी को पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन-चीफ (एफओसी-इन-सी) के रूप में पदभार संभाला। वह वाइस एडमिरल अजीत कुमार, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, एडीसी की जगह ले रहे हैं, जो भारतीय नौसेना में चालीस साल के शानदार करियर के बाद रिटायर हो रहे हैं। पश्चिमी नौसेना कमान के मुख्यालय की कमांड पोस्ट पर आयोजित एक समारोह में निवर्तमान और आने वाले कमांडरों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

## 'लाडलियों' के नाम की नेमप्लेट



**चरखी दादरी**। जिले के बाल्मीकि नगर में एक नई पहचान की आवाज उठते हुए दिख रही है। इस कॉलोनी में अगर किसी व्यक्ति से किसी का भी पता पूछेंगे तो लोग उसकी बेटी का नाम बता कर उसका घर दिखाएंगे। यह अनोखी पहल कॉलोनी के पार्षद विनोद बाल्मीकि ने अपनी बेटी की नेमप्लेट लगवाकर शुरू की है। नगर पार्षद का मानना है कि वाल्मीकि नगर की पहचान यहां की बेटियां बनें, यह उनका ध्येय है। क्योंकि जिलेभर में उनकी कॉलोनी में 1000 लड़कों पर 1000 लड़कियां हैं। अब कॉलोनी में लड़कियों को सम्मान देने के लिए सीटीएम अमित मान द्वारा जिला प्रशासन की ओर से इस तरह की पहल शुरू की है।

### बजट सत्र का छठवां दिनः

# लव जिहाद के खिलाफ विधेयक विधानसभा में पेश

**भोपाल।**

**विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन सोमवार को लव जिहाद के खिलाफ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक 2021 विधानसभा में पेश हो गया है। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भोजन अवकाश के बाद विधेयक सदन पटल पर रखा। डा. मिश्रा ने बताया कि इस विधेयक पर अध्यक्ष गिरीश गौतम की अनुमति मिलने के बाद चर्चा होगी।**



सरकार इस कानून को 6 माह की अवधि के लिए अध्यादेश के माध्यम से 9 जनवरी 2021 को प्रदेश में लागू कर चुकी है। इसमें प्रलोभन देकर, बहलाकर, बलपूर्वक या मतांतरण करवाकर विवाह करने या करवाने वाले को एक से 10 साल के कारावास और अधिकतम एक लाख रुपए तक से दंडित करने का प्रावधान है। अध्यादेश लागू करने के बाद से 11 फरवरी तक 23 केस दर्ज हुए हैं। इनमें भोपाल संभाग में सात, इंदौर में पांच, जबलपुर व रीवा में चार-चार और ग्वालियर में तीन मामले दर्ज हैं। विधानसभा में पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने सीधी बस हादसे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिया था। जिस पर सदन में करीब दो घंटे चर्चा हुई। इसके बाद परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बस हादसे में मरने वालों के परिजनों को बीमा की राशि अधिक से अधिक दिलाने के लिए कोर्ट में सरकार केस लड़ेगी। उन्होंने कहा कि हादसे की मजिस्ट्रियल जांच हो रही है। जांच की रिपोर्ट में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, प्रश्नकाल के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा, ष्टक्चस्श्व स्कूल हो या माध्यमिक शिक्षा मंडल से अधिमान्य स्कूल कोरोना काल में बच्चों से सिर्फ ट्यूशन फीस ले सकेंगे।

# मिस इंडिया आम आदमी पार्टी में शामिल

**नई दिल्ली** । मिस इंडिया दिल्ली-2019 मानसी सहगल आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई हैं। उन्होंने दिल्ली के राजेंद्र नगर के विधायक राघव चड्ढा की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण की। मनसी सहगल इंजीनियर, टेडएक्स स्पीकर और एक उद्यमी हैं। उनका अपना एक स्टार्टअप है। मिस इंडिया दिल्ली प्रतियोगिता में दिए गए अपने परिचय में उन्होंने खुद को परोपकारी और अंग दान में अपनी गहरी रुचि के बारे में बताया था। इस मौके पर राघव चड्ढा ने कहा कि मुझे खुशी है कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल युवाओं में राजनीति से जुड़ने और लोगों की सेवा करने का विश्वास जगाते हैं।



## पामेला गोस्वामी ड्रग्स केस में एक और गिरफ्तारी



**कोलकाता।** कोलकाता के न्यू अलीपुर क्षेत्र से जब्त किए गए मादक पदार्थ के मामले में पुलिस ने भाजपा नेता राकेश सिंह के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सहयोगी की गिरफ्तारी के साथ ही भाजपा के दो नेताओं सहित मामले में अभी तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को वाटगूगे पुलिस थानाक्षेत्र के ऑर्फनगुंगे बाजार के पास आदि गंगा नहर के नजदीक एक झोपड़ी से रात गिरफ्तार किया गया। आईपीएस अधिकारी ने कहा, 'उसे राकेश सिंह ने खिदिरपुर डाक घर के पास स्कूटर के साथ इंतजार करने का कहा था। हालांकि मामले में वांछित अमृत सिंह स्कूटर लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राज्य सचिव पामेला गोस्वामी और दो अन्य को 19 फरवरी को दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। गोस्वामी की कार से 90 ग्राम कोकीन बरामद हुई थी।

## बांग्ला फिल्मों की मशहूर अदाकारा श्राबंती चटर्जी भाजपा में शामिल



**कोलकाता।** मशहूर बंगाली अभिनेत्री श्राबंती चटर्जी ने भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। बताया जा रहा है कि वह विधानसभा चुनाव में भाजपा की उम्मीदवार भी होंगी। दिलीप घोष ने कहा, %%अलग-अलग क्षेत्रों के लोग भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। हम श्राबंती चटर्जी का हमारी पार्टी में स्वागत करते हैं।%% श्राबंती बांग्ला फिल्मों की मशहूर अदाकारा हैं और कई हिट फिल्में कर चुकी हैं।

## असम में कांग्रेस के प्रचार अभियान की शुरुआत, प्रियंका गांधी ने की पूजा



**डिब्रूगढ़** । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सोमवार से असम में अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज करने जा रही हैं। इसके पहले उन्होंने गुवाहाटी स्थित कामाख्या मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। पूजा करने के बाद प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं कुछ सालों से यहां आना चाह रही थी, मैं बहुत खुश हूं, कि मैं आज यहां आ सकी। चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हैं, हमारे सारे कार्यकर्ता बहुत काम कर रहे हैं। दो दिन के असम दौर पर पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को कई शहरों में प्रचार कर दो मार्च को एक रैली को संबोधित करेंगी। प्रियंका से पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी असम का दौरा कर चुकें हैं।






### किसान, सरकारी कर्मचारी और बेरोजगारों को मिल सकते हैं कई तोहफे

# शिवराज सरकार का बजट आज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के लोगों को इस बार के बजट से काफी उम्मीदें हैं. इस बार का आम बजट शिवराज सरकार मंगलवार को विधानसभा के पटल पर लेकर आएगी, लेकिन सरकार के रवैये की बात करें तो इस बार जनता को आम बजट से ज्यादा लाभ नहीं मिलने वाला है. हालांकि सरकार इस बार नए टैक्स लगाने के मूड में नहीं है, लेकिन पेट्रोल और डीजल पर भी बिल्कुल वैट घटाने के मूड में नहीं है. इसके इतर बजट के फोकस में आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए कृषि, रोजगार, कर्मचारी, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र रहेगा. वहीं 2023 का लक्ष्य साधने के लिए मिशनमोड में योजनाएं चलाए जाने की उम्मीद हैं. जल जीवन मिशन के तहत तीन साल में एक करोड़ से ज्यादा ग्रामीणों को नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा. इन सबके बीच सरकार का दावा है कि यह आम लोगों के लिए कल्याणकारी बजट साबित होगा. प्रदेश का 2021 का बजट पिछले साल के मुकाबले 10 फीसदी तक ज्यादा रहेगा. उम्मीद है कि इस बार का बजट 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपये तक का हो सकता है. सरकार कोई नया टैक्स नहीं लेकर आने वाली इस बजट



में. शराब की स्तिथि भी जस की तस बनी रहनी की उम्मीद है. बजट में पेट्रोल-डीजल पर वैट घटाने के चांस तो कम है, जबकि गैस पीड़ित विधवा महिला की पेंशन फिर शुरू करने का प्रावधान होगा. इसके अलावा बजट में नर्मदा एक्सप्रेस-वे, अटल प्रोग्रेस वे के रास्ते में इकोनॉमिक कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल निवेश को बढ़ाने के लिए नए प्रावधानों किए जा रहे हैं. बजट के फोकस में आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए कृषि, रोजगार, कर्मचारी, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र रहेगा। 2023 का लक्ष्य साधने के लिए मिशनमोड में योजनाएं चलेंगी। जल जीवन मिशन के तहत तीन साल में एक करोड़ से ज्यादा ग्रामीणों को नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। बजट में सरकारी कर्मचारियों को साधने की कोशिश कोरोना महामारी के कारण प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है . ऐसे में सरकार की कोशिश है इस बार के बजट में प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों और चार लाख पेंशनर्स को साधने की. उम्मीद है कि सरकार 2020 और 2021 की वेतन वृद्धि देने की घोषणा एक साथ कर सकती है. इसके अलावा 25 फीसदी तक डीए की भी व्यवस्था होने की उम्मीद है. हालांकि इस व्यवस्था से 4 से 5 हजार करोड़ का खर्च आएगा. प्रदेश के किसानों को राज्य सरकार की तरफ से 4 हजार की सम्मान निधि मिलेगी. 2021 बजट में प्रदेश में 9 नए मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा हो सकती है. इन मेडिकल कॉलेजों में 6 केंद्र सरकार की मदद और 3 प्रदेश सरकार की मदद से खोले जाएंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### समाज के लोगों को एकजुट होकर नशा को करना होगा खत्म.

**केशब पंडित अम्बाह पुष्पांजली टुडे**

महिला ऊर्जा डैक्स प्रभारी मोनिका मिश्रा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लडने् के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते है। नशा शरीर के लिए जहां खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। वे सोमवार को अम्बाह पोरसा से आये एक्सीलेंस के छात्र छात्राओं के नशे के खिलाफ निकाली गई रैली को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश धंस जाते हैं और फिर उस नशे की पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नहीं हिचकिचाते। नशा मुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे, तभी यह मुहिम सार्थक होगी। थाना प्रभारी योगेन्द्र सिह जादौन ने कहा कि अम्बाह पुलिस ऑपरेशन प्रबल प्रहार के माध्यम से मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है, मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

### समाजसेवी अभय ने प्रसिद्ध कॉँमेडियन छोटू से की मुलाकात

**दतिया(अर्पित गुप्ता) पुष्पांजली टुडे**



युवा समाजसेवी युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी ने देश के जाने माने प्रसिद्ध Youtuber कॉमेडियन सुपरस्टार छोटू दादा से निजी गार्डन में मुलाकात की।इस दौरान अभय ने अनेक विषयों पर चर्चा की तथा युवा गहोई सेना दतिया के कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया। आज कल छोटे बच्चों की पसंद है छोटू दादा इस अवसर पर जिला प्रभारी उत्सव गहोई,समाजसेवी रमाशंकर योगी जी उपस्थित रहे।

### पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाह का हुआ जोरदार स्वागत

**ब्रजपाल सिंह मेहगांव पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाह के मेहगांव नगर के भिंड तिराहे पर महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती सुधा राठौर एवं रामविलास राठौर के। नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया इस मौके पर जिला महामंत्री सत्यभान सिंह नरवरिया डॉ कालीचरण राठौर लीलाधर राठौर राम सेवक कुशवाह मुन्नी नरवरिया आदि कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**गोहद ( महेंद्र शर्मा ) पुष्पांजली टुडे**

गोहद जिला अमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन जिला भिंड द्वारा जूनियर एवं सीनियर वर्ग की कबड्डी ट्रायल प्रतियोगिता गोहद में संपन्न राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सीनियर एवं जूनियर वर्ग का आयोजन क्रमशः सतना एवं मंदसौर में संपन्न किया जाना है जिसमें भिंड जिले की सभी वर्गों की टीमें भाग लेंगी अतः सभी वर्गों की



टीमों के चयन के लिए ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन गोहद नगर में किया गया जिसमें भिंड जिले की सभी तहसीलों से आए हुए सीनियर एवं जूनियर खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया आयोजन मैं खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए जिला एमेच्योर कबड्डी संघ भिंड के अध्यक्ष आचार्य बृज मोहन शर्मा ने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग का निवास होता है अतः आज की परिस्थिति में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर शरीर को स्वस्थ एवं प्रतियोगी बनाना आवश्यक है इतना ही नहीं कबड्डी खेल भावना एवं नेतृत्व को विकसित करती है जो राष्ट्रीय हित के लिए आवश्यक है जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव अरविंद शर्मा द्वारा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा हमें खेल भावना से आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय के भागीदार बनने की आवश्यकता है आयोजन में बृजभूषण मिश्रा हरगोविंद जाटव डॉ राजेश यादव प्रमोद कामत आशीष शर्मा राकेश गौड़ धर्मेन्द्र गुर्जर केशव शर्मा विष्णु त्रिपाठी कमलेश राजोरिया केदार गुर्जर एवं अन्य समाज जन उपस्थित थे

### पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस ने किया नगर पालिका का घेराव

**पुष्पांजली टुडे मोहन मांझी की रिपोर्ट**

गोहद 10 लीटर सूखने से वैष्णो धाम सूखने से नगर में पानी की विकट समस्या बढ़ गई है इस कारण लोगों में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची है इसी समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा गोलंबर पर एकत्रित होकर



मुख्य बाजार से निकलते हुए रैली के रूप में सैकड़ों लोगों की तादाद में नगर पालिका पहुंचे जहां नगर पालिका का घेराव कर शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और एक ज्ञापन एसडीएम के नाम तहसीलदार को रामजी लाल वर्मा को सौंपा जिसमें मांग की गई कि नगर में बढ़ती पेयजल समस्या का स्थाई हल निकाला जाए एवं डैम में पानी तुरंत भरवाया जाए लापरवाही करने वाले अधिकारियों को हटाया जाए आज मांगों को लेकर बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे घेराव में शामिल हुए इनमें मुख्य रूप से श्री गोविंद परिहार कैलाश माहोर शैलेंद्र गुर्जर राजकुमार देश लहरा देवासीस जरारिया सलीम बख्श राईन शाहरुख खान जावेद पठान सहित लगभग 3 सैकड़ा से अधिक लोग शामिल थे वही पानी की समस्या को देखते हुए सूचना मिलने पर पूर्व विधायक रणवीर जाटव ने वैसली डेम पहुंचकर सिंचाई विभाग अधिकारी सीमा त्रिपाठी एसडीएम शुभम शर्मा सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया।

# मेहगांव जनपद पंचायत बनी भ्रष्टाचार का अड्डा

**बृजपाल रिपोटर मेहगांव पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव जनपद पंचायत मैं वर्तमान समय में कोई भी जन हितेषी एवं शासन की महत्वकांक्षी योजना का क्रियान्वयन ठीक प्रकार से नहीं होने की शिकायत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री सत्यभान सिंह नरवरिया की अगुवाई में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा से की है शिकायत में कहा गया है कि जनपद पंचायत सीईओ अतुल कुमार सक्सेना लंबे समय से मेहगांव जनपद में सीईओ के पद पर डटे हैं इनका दलाल तंत्र बहुत ही मजबूत एवं सक्रिय है इस कारण कोई भी योजना का लाभ बिना लेनदेन के आम आदमी को नहीं मिल पाता है पार्टी के कार्यकर्ता यदि किसी हितग्राही को लाभ




दिलाना भी चाहे तो उनके साथ श्री सक्सेना अभद्रता से पेश आते हैं और आए दिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बेज्जती का शिकार हैं इस से पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष है । पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के मंडल के महामंत्री से इनकी मारपीट कार्यालय में ही हो चुकी है, फिर भी सीईओ अपने भ्रष्ट आचरण से बाज नहीं आ रहे हैं विवश होकर कार्यकर्ताओं ने माननीय मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष से सीईओ जनपद पंचायत मेहगांव को हटाने की गुहार लगाई है

### बिना लायसेंस कीटनाशक औषधियों के अवैध भण्डारण पर एफआईआर दर्ज

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**

इंदौर।इंदौर28फरवरी को कलेक्टर मनीष सिंह के निर्देशन में जिले में उर्वक एवं कीटनाशक के अवैध भण्डारण एवं व्यापार के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई का सिलसिला निरंतर जारी है। इस क्रम में गत 24 फरवरी को उप संचालक कृषि एवं जिला कीटनाशी निरीक्षक के संयुक्त तत्वाधन में कृषि विभाग के दल द्वारा सांवेर रोड़ के सेक्टर-ए अगरबत्ती काम्पलेक्स के पिछे अवंतिका नगर स्थित मेसर्स विजन एग्रो केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि फैक्ट्री संचालकों द्वारा गोदाम में अवैध कीटनाशक औषधियों का भण्डार बिना कीटनाशी लायसेंस के किये जा रहा है। कीटनाशी अधिनियम 1968 के तहत वैध लायसेंस होने के उपरांत ही कीटनाशी औषधि का भण्डारण एवं व्यापार किया जा सकता है। साथ ही निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त फैक्ट्री संचालकों द्वारा कीटनाशी औषधियों का भण्डारण एवं व्यापार रहवासी इलाके में किया जा रहा है, जो कि नियमों के विरूद्ध है। कृषि विभाग दल द्वारा फैक्ट्री के मालिक लोकेश पिता संतोष पटेल ग्राम गेहूखेड़ी अटाहेड़ा देपालपुर निवासी से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया। किन्तु संपर्क ना होने पर दल द्वारा गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई। फैक्ट्री के मालिक लोकेश पटेल के विरूद्ध बिना कीटनाशी लायसेंस के भण्डारण एवं व्यापार किये जाने पर कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा-13 (1), 29 (1) (ए), 29 (1) (बी), 29 (1) (सी) में प्रकरण पंजीबद्ध कर थाना बाणगंगा में एफआईआर दर्ज कराई गई है।



### भिंड जिले की मेहगांव विधानसभा से राज्यमंत्री ओ पी एस भदोरिया के दूर के रिश्ते में भतीजे की हत्या

**बृजपाल सिंह गुर्जर पुष्पांजली टुडे मेहगांव**

मेहगांव विधानसभा के अंतर्गत ग्राम अकलोली के मिथुन सिंह भदोरिया पुत्र छोटे सिंह भदोरिया नामक युवक हत्या अच्छाई गांव के हार में सुबह-सुबह मिली थी लहास पुलिस के अनुसार कुल्हाड़ी के प्रहार से हुई है हत्या मृतक बताया जा रहा है मंत्रि ओ पी एस भदोरिया का दूर के रिश्ते में भतीजा हत्या का कारण क्या है जिसमें एसडीओपी राठौर साहब को पूछा तो उन्होंने बताया पुलिस जांच कर रही है और कुछ सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं इस आधार पर विवेचना जारी है और उन्होंने बताया कि हमारी पुलिस फोर्स शक्ति से कार्य कर रही है जल्द स्पष्ट कर देंगे

### भिंड जिले के अंदर मेहगांव नंबर वन जनपद पंचायत बनी भ्रष्टाचार का मुख्य केंद्र

**संतोष सिंह भदौरिया पुष्पांजली टुडे**

सीईओ जनपद पंचायत मेहगांव जिला भिंड के खिलाफ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग के जिला महामंत्री सत्यभान सिंह नरवरिया के नेतृत्व में जनपद सीईओ के भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाई आवाज वैसे लंबे दिनों से पदस्थ होने के कारण दलाल ज्यादा बढ़ते जा रहे हैं जिससे दलाल तंत्र बहुत मजबूत हो चुका है अभी हाल ही में ग्राम पंचायत हरीश चा कुठौंद ऐसी कई ग्राम पंचायत हैं जहां पर पंचायत का निर्माण कार्य नहीं हुआ और वहां पर बिना निर्माण कार्य के राशि भी निकाली जा चुकी है हद तो अब हो गई जब खुद सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं की भी सुनवाई नहीं हो रही है और उनके




कर्मचारी भी अपनी मनमानी से कार्य करते हैं जिससे ग्राम पंचायतों में जनपद पंचायत सीईओ के खिलाफ आक्रोश भी जगता जा रहा है क्योंकि इससे भ्रष्टाचार के मुख्य केंद्र हैं जनपद सीईओ उनको कई बार इस बारे में अवगत कराया गया है लेकिन इस ओर नहीं देते कोई भी ध्यान इस लापरवाही से साफ साफ दिखाई देती है कि भ्रष्टाचार करवाने में कितनी दिलचस्पी रखते हैं वैसे भी आजकल देखा जाए मेहगांव जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार का मुख्य अड्डा बना हुआ है कई लोगों ने इनके खिलाफ आवाज भी उठाई है लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है लेकिन जब सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं की सुनवाई भी नहीं होती तब इनके खिलाफ खोला मोर्चा ।

## पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं होगा

**जगदीश रिपोटर मउरानीपुर पुष्पांजली टुडे**

अभिनंदन जैन मऊरानीपुर(झांसी )ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मउरानीपुर एवं नगर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह नरसिंह भगवान मन्दिर प्रांगण में उपजिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर नवनिर्वाचित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल अध्यछ डॉ बी बी गौर एवं जिला अध्यछ अभिनंदन जैन को रानी लछमीबाई का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।पत्रकारों से खचाखच भरे प्रांगण में सभी का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया।इस मौके पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। सुधीर जैन ने कहा कि पत्रकारिता के छेत्र में लम्बी पारी खेलने के लिए हिम्मत साहस धैर्य और ऊंची ओर बेहतर मानसिकता रखना जरूरी है।बरिष्ठ पत्रकार गिरवर सिंह ने कहा कि आज के दौर की पत्रकारिता में सकारात्मक सोच बेहद जरूरी है।पहले बुद्धिजीवियों का पत्रकारिता छेत्र में दखल था आज पत्रकारिता दिशा और दशा से भटक रही है जिसे सम्हालने की जरूरत है पत्रकारों का सम्मान बरकरार रखने के लिए हम हमेशा आप सभी के बीच उपलब्ध रहेंगे रवि रठा ने कहा कि आज का सम्मान समारोह जिस तरह से हो रहा है वह बताता कि पत्रकारिता जगत नई ऊंचाइयों की तरफ बढ़ रही है जो खुशी की बात है साथ ही डॉ बी बी गौर एवं अभिनन्दन जैन को सम्बोधित किया कि गले मे फूलमालाये है और सिर पर नई जिम्मेदारी का कांटो भरा ताज जो सिर्फ जज्बा जोश जनून ही नई चुनोतियों से ही सफलता दिला पाएंगी। मुकेश सिंह ने कहा जो कागज कलम पकड़ना नही



जानते हाथों में सिर्फ मोबायल ओर माइक लिए है वो पत्रकार बन गए यह चिंता का विषय है।इसके अलावा अशोक सेन, ब्यापार मंडल की ओर से अखिलेश सेठ, दीपू मोदी,किसान नेता शिवनारायण परिहार,रामाधार निषाद सहित तमाम वक्ताओं ने समारोह को सम्बोधित किया।नव निर्वाचित जिला अध्यछ अभिनंदन जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता बेहद जोखिम भरा कार्य है ऐसे में यदि संग्ठन के किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दास्त नही किया जाएगा।मंडल अध्यछ डॉ बी बी गौर ने कहा कि पत्रकारों के सम्मान स्वाभिमान ओर उनके हितों की जंग जारी रहेगी,उन्होंने कहा कि पद तो आते जाते रहते है ऐसे में सबसे प्रमुख बात है कि संघठन कैसा है यदि संघठन मजबूत हो तो उसका हर सदस्य परिवार की तरह होता है और परिवार के मुखिया होने के नाते उनके सुख दुख के हित पहले जरूरी है।मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक एक सदस्य से परिवार बनता है परिवार से पड़ोस समाज राज्य देश बनता है ऐसे में आज का यह समारोह परिवार के मुखिया और सदस्यों का है जिसका हम भी सम्मान करते है और किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न नही होने दिया जाएगा यदि किसी भी पत्रकार भाई बहिनो को मेरी जहां जरूरत हो बताए हम उनके लिए उपलब्ध रहेंगे।आयोजन के प्रमुख बरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दमेले ने सभी का सम्मान करते हुए समारोह की सफलता पर हृदय से आभार जताया। इस मौके पर सरन्छक राकेश अगिनहोत्री, हरिश्चंद्र पाठक,रवि रठा,सुधीर जैन,अनिल कुमार,जितेंद्र पांडेय, नरेंद्र दमेले,अजय गुप्ता,नमन पाठक,पुष्पेंद्र श्रीवास,रविकान्त आर्य,प्रदीप कुमार श्रीवास,नेहा श्रीवास,धर्मेंद्र परिहार,राजू राय, भगवत नारायण मोर,मुकेश राजपूत,सर्वेश राय, जगदीश श्रीवास,नरेंद्र,रोहित,रामपाल प्रजापति,राजेन्द्र साहू,हरीराम साहू,मुन्नी लाल श्रीवास,नीलेन्द्र प्रताप सिंह, अजय गुप्ता,अम्बरीश बबेले,रमाकान्त शांडिल्य,नरेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र द्विवेदी,कुलदीप रावत,भूपेंद्र सिंह झाँकरी,देवेंद्र पायक, मदन लाल वर्मा,आशीष पटेरिया,पुष्पेंद्र श्रीवास,सुरेश सोनी,प्रभाकर यादव,रणजीत यादव, ब्रजभूषण राजपूत,विनय इटाइल,ब्रजेश प्रजापति,दरयाब सिंह,घनश्याम कुशवाहा, रामाधार निषाद,राजेश बिलतिया,रजनीश दुबे,जितेंद्र राय, रामकिशोर आर्य,नारायण सिंह,भूपेंद्र गुप्ता कटेरा,बिष्णु नारायण दुबे,दीपक यादव,प्रभाकर,रणजीत यादव रेवन,हरिश्चंद्र दुबेदी, मकबूल बख्श,द्वारका प्रसाद,रणवीर पटेल,रिंकू महराज,आशीष पटेरिया,बालकिशुन, रमेश पटेरिया,अमित मिश्रा, दिलीप श्रीवास,बैजनाथ पांचाल,मंगल सिंह,शुभम बेध,स्वस्ति घोष,संजीव तिवारी,अखिलेश सेठ,दीपू मोदी,मनमोहन लिटोरिया,विजय शर्मा,मुकेश राजपूत,आशीष मिश्रा, मनोज ओझा,अखिलेश द्विवेदी,हरीराम साहू,अनिल साहू,बालादीन कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, अभिषेक कुशवाहा, प्रवेश कुशवाहा, महेश श्रीवास,बैजनाथ श्रीवास,ओम साहू,राजेश,अरविंद साहू,राहुल साहू,राजेन्द्र साहू,सुरेश सोनी,मुन्नालाल रूपा धमना, सुरेंद्र द्विवेदी,बनमाली श्रीवास,मुन्नी लाल श्रीवास,नरेंद्र भटपुरा,अमरीश बबेले,अजय श्रीवास, पवन श्रीवास, रवि यादव,पुष्पेन्द्र श्रीवास,रेशु महराज,महेंद्र सोलंकी,अनिल देंगरे,विवेक आर्य,चंदू राय, अशोक सेन गुरसरांय, भगवत श्रीवास, भास्कर बबेले,उमेश कुमार, बिहारी साहू,भगवत मोर,अजय गुप्ता,अंजना यादव,अतर सिंह,राकेश सकरार,नमन पाठक,हरनारायण यादव,हरिओम ओझा,पवन कुशवाहा, सुनील सोनी,बद्री प्रसाद,जगदीश दिछित,शिवम साहू,असलम अंसारी,सौरभ भार्गव, प्रेम कुशवाहा, मदन माली,अमित मिश्रा,संदीप बशिष्ठ,अखिलेश राय, शुभम परिहार, दीपचंद्र श्रीवास, भूपेंद्र राय ने हर्ष जताया।

### राणावत का किया गया जोरदार स्वागत

**नेनाराम सिरवी पुष्पांजली टुडे**

पाली जिले के रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत।चाचोडी रानी मुख्य रोड पर 11 केवी के हाई पावर विद्युत सप्लाई के लाइन हटवाने को लेकर राणावत का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।चाचोडी रानी मुख्य रोड पर 11 केवी विद्युत लाइन के तार हटाने को लेकर कई वर्षों से ग्रामीणों की मांग का सपना हुआ साकार। रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या दो के विजेता प्रत्याशी विक्रम कंवर राणावत के प्रतिनिधि दुर्जन सिंह राणावत एवं गंगा सिंह राणावत द्वारा चुनावी सभाओं में किए गए वादों के अनुसार ग्रामीणों की जन समस्या का समाधान किया गया। ग्रामीणों की मुख्य जन समस्याओं को लेकर कई वर्षों से चिंतित नजर आ रहे ग्रामीण। राजस्थान पंचायती राज विभाग संस्थाओं के अंतर्गत बीते चुनाव को लेकर चुनावी सभाओं के दौरान राणावत परिवार एवं विजेता प्रत्याशी के प्रतिनिधियों द्वारा



आश्वासन के तौर पर बताया गया कि 11 केवी हाई पावर विद्युत सप्लाई की लाइन को हटाने को लेकर संपूर्ण प्रयास किया जाएगा। अपने अथक प्रयास के माध्यम से ग्रामीणों का सपना हुआ साकार। इस दौरान राणावत का ग्रामीणों द्वारा आभार जताया गया और ग्रामीणों द्वारा राजस्थानी रीति रिवाज एवं परंपरा के अनुसार माला और साफा पहनाकर गंगा सिंह राणावत का किया गया शानदार स्वागत। इस मौके पर भूतपूर्व सरपंच पीराराम देवासी वर्तमान सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित उपसरपंच जगाराम चौधरी ग्राम सहकारी सोसायटी संस्थापक छतरसिंह शक्तावत मेहताब खान वजीर खान अचलाराम सीरवी आदि सहित कई ग्रामीण सम्मान समारोह को लेकर उपस्थित रहे।

## त्याग और संतोष से बनेंगे स्थितप्रज्ञ - स्वामी तद्रूपानंद

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग द्वारा 29वीं शंकर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यानमाला में मनन आश्रम, भरूच के संस्थापक आचार्य स्वामी तद्रूपानंद सरस्वती जी का स्थितप्रज्ञ दर्शन विषय पर प्रबोधन प्रसारण हुआ। स्वामीजी ने बताया कि दो महाकाव्य और चार महावाक्य में सम्पूर्ण सनातन दर्शन अभिव्यक्त होता है।दर्शन की व्याख्या करते हुए स्वामीजी ने स्पष्ट किया कि दर्शन का अर्थ होता है जानना, न कि देखना। स्वामीजी ने कहा कि भगवत गीता के कृष्णार्जुन संवाद में स्थितप्रज्ञ की परिभाषा दी गई है। अर्जुन श्रीकृष्ण से स्थितप्रज्ञ व्यक्ति के लक्षण पूछते हैं, जिसका उत्तर देते हुए भगवान कहते हैं कि जब साधक समस्त वासनाओं का त्याग कर देता है और अपने से अपने में संतुष्ट रहता है, तब वह स्थितप्रज्ञ कहा जाता है। स्वामीजी ने बताया कि अनासक्ति और इच्छाओं के त्याग के द्वारा ही मनुष्य दुखों के बंधन से और अज्ञान से मुक्त हो पाता है। ऐसी स्थिति में ही उसे आत्म-स्वरूप को जानने की जिज्ञासा प्रबल होती है। इसके लिए श्रवण, मनन और निदिध्यासन का मार्ग अपनाना चाहिए। जिसने ज्ञानाग्नि में अपनी इच्छाओं को भस्म कर दिया है तथा जो आत्म-स्वरूप में स्थित है, वही स्थितप्रज्ञ है।पूज्य स्वामी तद्रूपानन्द सरस्वती मनन



आश्रम, भरूच के संस्थापक आचार्य हैं। स्वामीजी ने सन 1966 से 1972 तक गुजरात विश्वविद्यालय में मानसशास्त्र विषय का अध्यापन किया। तत्पश्चात् आपने सांदीपनी साधनालय मुंबई में पूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती एवं स्वामी दयानन्द सरस्वती के सानिध्य में प्रस्थानत्रयी का परंपरागत शास्त्राध्ययन किया। स्वामीजी ने कैलाश आश्रम ऋषिकेश में स्वामी विद्यानंद गिरी एवं स्वामी हरिहरानंद तीर्थ के मार्गदर्शन में शास्त्राभ्यास किया। सन 1982 में पूज्य स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने आपको संन्यास में दीक्षित किया। वर्ष 1987 में स्वामीजी ने भरूच में मनन आश्रम की स्थापना की। उपनिषद, ब्रहमसूत्र, श्रीमदभगवत गीता एवं आचार्य शंकर रचित प्रकरण ग्रन्थों पर स्वामीजी की टीका अंग्रेज़ी, हिन्दी, गुजराती एवं मराठी भाषा में उपलब्ध है। स्वामीजी ने देश-विदेश में अनेक ज्ञानयज्ञ एवं वेदान्त शिविरों के माध्यम से वेदान्त का प्रचार-प्रसार किया है। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य और अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण के लिए प्रतिमाह इस व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाता है। इस व्याख्यान को न्यास के यू-ट्यूब और फेसबुक चैनल पर देखा जा सकता है।



# तिलक धार लो माटी पुस्तक का हुआ विमोचन

**मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे**

गोहद के वरिष्ठ साहित्यकार श्री बाबूराम जी माहोर प्रयासी जी की नवीन कृति तिलक धार लो माटी के की पुस्तक का विमोचन चक्रधारी मैरिज हाउस में राष्ट्रीय कवि संगम के संयोजन में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अतुल तारे, समूह संपादक स्वदेश ग्वालियर एवं लालसिंह आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा श्री रहे मंच संचालन राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष गौरव राज सोनी %तेजस्वी%द्वारा किया गया . 16 जुलाई 1934 सीताराम की लावन गोहद में जन्मे श्री माहौर जी हिंदी से द्व.ड्ड. शिक्षित हैं एबम मध्यप्रदेश साशन में हिंदी व्याख्याता के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है। पूर्व में भी उनकी कई रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं एक किरण के द्वारे, नयन,प्रयासी सतसई। पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम में आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा गोहद की पहचान सिर्फ गौ-हद के कारण ही नहीं आने वाले समय में श्रीबाबू राम जी माहौर के त्याग और समर्पण से भी जानी जाएगी उन्होंने कहा कि समाज को बाबूराम जी जैसे साहित्यकार की आवश्यकता है जिससे समाज व नई पीढ़ी को साहित्यों के प्रति रुचि उत्तपन्न हो। तिलकधार लो माटी के पुस्तक के कुछ अंश

÷सुप्त प्राणों को जगाने सिंह सी नव गर्जना दो

प्रगति पथ के रोधको को उन्मूल करने तर्जना दो

पीत होते मानवो को प्राणदायीं सर्जना दो

कर्म सुमनों की सुरभि से सुखद शीतल व्यंजना दो÷

कार्यक्रम के मध्य जिलाध्यक्ष सोनी ने कहा की श्री बाबुराम जी का साहित्य और समर्पण हमे और आने वाली कई पीढ़ियों को मार्गदशित और दिशामान करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

अतुल तारे ने अपने उदबोधन में कहा ÷साहित्य समाज मे जाग्रति लाता है और अच्छे साहित्य व्यक्ति और उसके चरित्र के निर्माण में सहायक होते है

कार्यक्रम के अंत मे अखिल भारतीय माहौर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र माडिल जी ने विमोचन के कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों ओर साहित्य प्रेमियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रजभूषण गोस्वामी, सुरेश बोहरे, विवेक जैन,अविनाश भटेले, महेश श्रीवास्तव, आशीष शर्मा, प्रमोद कामत, प्रदीप भरद्वाज, राजेश नागर, पिंकी सगर, विधाराम शेजवार, अशोक जैन, सौरभ पांडेय, कौशल भटेले, ललित अग्रवाल, पिंकी , कपिल जैन, धर्मेंद्र गुर्जर, संजय झा, दीपक तोमर, रवि शर्मा, विक्रम यादव, विकास श्रीवास, ओर भी नगर के कई विशिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# आलोक संघ पिछोर ब्लॉक की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**पिछोर से हरिओम परिहार की रिपोर्ट पुष्पांजली टुडे**

आलोक संघ पिछोर ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन हुआ जो निर्वाचन की प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न की गई जिसमें निर्वाचन की जानकारी 300 से अधिक पिछोर ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रदान की गई एवं उनके द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया। आपको बता दें कि बीते रोज 26 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे से रात 8:30 बजे तक व्हाट्सएप या फोन के माध्यम से पदों के विरुद्ध नामांकन प्राप्त किया गया।नामांकन के समय उल्लेख किया गया था कि यदि किसी पदों के लिए एक से अधिक आवेदन आते हैं तो 27 फरवरी 2021 को दोपहर 12:00 से 4:00 बजे के बीच पिछोर ब्लॉक के चार स्थानों खोड़, मनपुरा पिछोर एवं रखोरा को मतदान केंद्र बनाकर चार निर्वाचन अधिकारियों जिनमें एक अधिकारी जिला कार्यकारिणी से थे, की ड्यूटी लगा कर मतदान पेटियों में गुप्त मतदान कराए जाने की प्रक्रिया का पालन किये जाने की तैयारी की गई लेकिन प्रत्येक पद के विरुद्ध एक आवेदन प्राप्त होने से सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया गया। कार्यकारिणी में ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर विजयराम लोधी उच्च माध्यमिक शिक्षक,



बाचरोंन, पिछोर,ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव लोधी मुखिया पंचायत सचिव, जराय,ब्लॉक वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष रिंका लोधी सीएचओ मानपुर पिछोर,उपाध्यक्ष रामकिशन लोधी प्राथमिक शिक्षक ऊमरीकला, अजब सिंह लोधी पंचायत सचिव रखोरा, प्रीती लोधी आंगनबाडी कार्यकर्ता, नयागांव,महासचिव अनूप सिंह लोधी उप निरीक्षक गजोरा,कृपाल सिंह लोधी प्राथमिक शिक्षक, दुल्हई,रैना लोधी आंगनबाडी कार्यकर्ता , लभेड़ा,संगठन सचिव बादाम लोधी माध्यमिक शिक्षक ऊमरीकला, हेमराज लोधी प्रधानाध्यापक जराय, कोषाध्यक्ष नंदराम लोधी पीडब्ल्यूडी नयागांव, शिशुपाल लोधी प्राथमिक शिक्षक लभेड़ा,सह कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद लोधी पंचायत सचिव गरैठा,सचिव दिनेश लोधी माध्यमिक शिक्षक केंड़र,कार्यालय प्रभारी धर्मपाल लोधी शिक्षक लभेड़ा आदि को पदों पर मनोनीत किया गया।आलोक संघ जिला अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र देकर कराई शपथ ग्रहण पिछोर छात्रावास में सभी पदाधिकारियों की बैठक रख एवं आलोक संघ जिला कार्यकारिणी की उपस्थिति में आलोक संघ के जिला अध्यक्ष खलक सिंह लोधी द्वारा नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए एवं शपथ ग्रहण कराई गई जिसमें कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए सीमित संख्या में अन्य बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित रहे। ऑनलाइन जुड़कर जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर ने दी बधाई आलोक संघ के संरक्षक जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर लोकेश लिल्हारे द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन जुड़कर अपनाई गई लोकतांत्रिक पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया की सराहना की एवं नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# वार्षिकोत्सव अभिनंदन भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा

**नेनाराम सिरवी रानी पुष्पांजली टुडे**



पाली राजस्थान। रानी उपखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायतनादाणा. भाटान स्थित ह्यस्रद्बह्यद्ब. एवं विद्यालय परिवार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आगामी 3 मार्च 2021 को वार्षिक उत्सव के दौरान भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।प्रधानाचार्य राजेश कुमार झालानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बताया गया कि भूतपूर्व विद्यार्थियों को कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय से जोड़कर विद्यालय में विकास के लिए प्रेरित करना। और गर्व का अनुभव करवाना।दूसरी ओर स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा निखारने हेतु एक मंच प्रदान करना। इस दौरान कार्यक्रम के तहत भूतपूर्व छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मूल उद्देश्य के दौरान भूतपूर्व भामाशाह का अभिनंदन एवं भामाशाह को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान करना इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से प्रेरित करके सम्मान किया जाएगा। वार्षिक उत्सव अभिनंदन कार्यक्रम के तहत कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि पानी सांसद पीपी चौधरी वरिष्ठ अतिथि सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत जिला प्रमुख पाली रश्मि सिंह रानी पंचायत समिति प्रधान श्याम कंवर मेड़तिया कृषि मंडी रानी चेयरमैन गिरधारी सिंह बोला गुड़ा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं रानी पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा राजपुरोहित। जिला परिषद सदस्य सुशीला कंवर। पंचायत समिति सदस्य एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस महासचिव दीप कवर आकडावास। रानी पंचायत समिति सदस्य विक्रम कंवर राणावत एवं वरिष्ठ समाजसेवी गंगा सिंह राणावत।नादाणा भाटान सरपंच किरण राव सरपंच प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रवण सिंह राव। आदि सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं भामाशाह वार्षिक उत्सव को लेकर उपस्थित रहेंगे



**कभी किसी का अपमान न करने वाला होता है संसार में सुखी -मुनि विश्रांत सागरजिस**

# घर में पूरा परिवार मिल कर रहता है वह घर स्वर्ग के समान है

**पुष्पांजली टुडे ग्वालियर .**

गोहद-दिगंबर जैन संत आचार्य 108 श्री विरागसागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि विश्रांत सागर जी महाराज ग्वालियर की ओर से बिहार करते हुए गोहद चौराहा पर पहुंचे जहां 10 वां दीक्षा दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया आज मुनि विहसंत सागर एवं विश्रांत सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस था जिस के उपलक्ष मे समस्त जैन समाज ने दीक्षा दिवस मनाया सुबह शांतिनाथ विधान का आयोजन किया गया तत्पश्चात स्वल्पाहार के बाद दीक्षा दिवस मनाया गया जिसमें मुनि श्री ने उपदेश देते हुए कहा के इंसान को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए क्योंकि सब कुछ बदल सकता है लेकिन किस्मत में जो होगा वह नहीं बदल सकता हमें किसी के साथ भी छल कपट धोखा नहीं करना चाहिए और ना ही किसी गरीब असहाय नौकर आदि का अपमान नहीं करना चाहिए क्योंकि वह भी एक इंसान हैं यह उनके कर्मोदय के कारण नौकर बने हुए हैं या गरीब असहाय है लेकिन जब हम सभी उनके साथ नौकर जैसा व्यवहार करेंगे तो हमारे भी कर्म बिगड़ते हैं किस्मत ने राम सीता चंदनबाला आदि को भी नहीं छोड़ा यह हमें कभी भी किसी के साथ बुरा व्यवहार नहीं करना चाहिए धन-संपत्ति होना बड़ी बात नहीं है लेकिन जिस घर में सास बहू ननद भाभी बहु बेटे भाई भाई पिता पुत्र आदि सगे संबंधी मिलजुल कर रहते हैं उस घर में कभी भी धन की हानि नहीं रहती परिवार खुशहाल रहते हैं लेकिन जो लोग पैसे का घमंड करते हैं उनके यहां हालात खराब हो जाते हैं क्योंकि जिस घर में सास बहू पिता पुत्र भाई बहन भाई भाई आदि मिलकर नहीं रहते उस घर में कलेश आदि होने के कारण धन का नाश होने लगता है इसलिए भले ही धन-संपत्ति ना हो लेकिन यदि सब मिल जुल कर रहते हैं तो बड़े से बड़े काम को भी आसान कर देते हैं और जब घर में ही अगर लड़ाई झगड़े होते हैं तो इसका फायदा दूसरे लोग भी उठाते हैं इसलिए कभी परिवार जनों से आपस में ना लड़ते हुए प्रेम भाईचारे से रहना चाहिए इस मौके पर समस्त कमेटी एवं युवा कार्यकर्ता बालिका मंडल महिला मंडल सहित लगभग 2 सैकड़ा लोग मौजूद थे।

**बानमौर जेएसओ को कारण बताओ नोटिस**

# डीएसओ तोमर की एक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस कमिश्नर को भेजने के

**मुरैना ।** जिले में खाद्यान्न और पात्रता पर्ची का शतप्रतिशत वितरण नहीं होने पर कलेक्टर ने अप्रशंन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कैलारस जनपद के जेएसओ से पिछले माह 85 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण की जानकारी प्राप्त की। वहीं जौरा के जेएसओ से 92 प्रतिशत पीडीएस वितरण की जानकारी प्राप्त की। इस पर कलेक्टर ने यह खाद्यान्न शतप्रतिशत वितरण क्यों नहीं हुआ। इससे जाहिर होता है कि या तो अपात्र व्यक्तियों के नाम बढ़ाकर खाद्यान्न इश्यू कराया गया था और अब अंगूठा न लगने के कारण खाद्यान्न शतप्रतिशत वितरण नहीं हो पा रहा है। एसडीएम यह सुनिश्चित करें कि



शतप्रतिशत खाद्यान्न वितरण हो, जो अपात्र व्यक्तियों के नाम जोड़े गये है, उन्हें निरस्त करने की कार्रवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि 7 मार्च को अन्नोत्सव का कार्यक्रम होगा। जिसमें जिले की समस्त दुकानों से खाद्यान्न वितरण किया जायेगा। इसके लिये जिले से मॉनीटरिंग के लिये अधिकारी लगाये गये है, ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की पीडीएस की दुकानों का भ्रमण करें और यह सुनिश्चित करें कि दुकान पर राशन दो दिवस पूर्व पहुंच जाये। ऐसा न हो कि राशन न पहुंचने के कारण हितग्राहियों को दुकान से वापस लौटना पड़े। बैठक में बानमौर जेएसओ बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये। इस पर कलेक्टर ने फरवरी माह का वेतन जेएसओ का रोकने के निर्देश दिये और डीएसओ द्वारा जेएसओ के खिलाफ किसी प्रकार का कारण बताओ नोटिस आदि की कार्रवाही नहीं की।

**गूगल मीट के माध्यम से कमिश्नर सक्सेना ने दिये अधिकारियों को निर्देश**

# पेयजल के पुख्ता प्रबंध हो, रोजगार मेलों से अधिक से अधिक जरूरतमंदों को रोजगार मिले

**मुरैना।** ग्वालियर चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता सहित सभी अधीक्षण यंत्रियों कार्यपालन यंत्रियों को निर्देश दिये है कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को द्रष्टिगत रखते हुये पेयजल के पुख्ता प्रबंध किये जायें। जहां हेण्डपंपों का पानी नीचे उतर गया है वहां राइजर पाइप बढ़ाये जायें। खराब हेण्डपंपों को दुरूस्त करने के लिये मुहिम चलाई जाये। जहां पानी नहीं वहां पेयजल के वैकल्पिक स्त्रोत ढूंढें। कमिश्नर श्री सक्सेना सोमवार को गूगल मीट के माध्यम से लंबित पत्रों की समीक्षा के साथ साथ मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। गूगल मीट में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह सहित सभी संयुक्त संचालक, अधीक्षण यंत्रियों सहित संभाग स्तरीय अधिकारी जुड़े थे। कमिश्नर श्री सक्सेना ने शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर देते हुये कहा कि जिला स्तर पर आयोजित हो रहे रोजगार मेलों में अधिक से अधिक कंपनियों को आमंत्रित कर अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करायें। गेंहू उपार्जन के तहत किये गये किसानों को पंजीयन का एसडीएम तहसीलदार स्तर पर सत्यापन हो जाये। गेंहू, सरसों खरीदी के लिये जो केन्द्र स्थापित किये गये हैं उन पर किसानों के लिये सभी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई जाये। कमिश्नर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य में और अधिक गति लाई जाये। सर्वेक्षण कार्य में जनता और जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाये। कलेक्टर एवं नगर निगम कमिश्नर सीवेज



व पेयजल योजनाओं की लगातार समीक्षा करते रहे। जल जीवन मिशन की कार्ययोजना को सभी जिले पूर्ण कर स्वीकृति की कार्यवाही करायें। संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि संपूर्ण मुरैना जिले को कवर करने के लिये कार्ययोजना बना ली गई है। योजनाओं का रूपांकन कर स्वीकृति की कार्रवाही चालू है। संभागीय कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यो की गुणवत्ता का शतिप्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाये। गुणवत्ता पर किसी भी तरह का समझौता नहीं होगा। कुपोषित बच्चों की समीक्षा करते हुये कमिश्नर ने कहा कि इन बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कर समुचित उपचार एवं उचित पोषण आहार दिया जाये। किसी भी स्थिति में पोषण पुनर्वास केन्द्र खाली नहीं रहे।


## समाचार पत्र के स्वामित्व एंव अन्य विषयों से सम्बन्धित विवरण

**घोषणा**

**फार्म-4**

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | - | ग्वालियर |
| 2. प्रकाशन अवधि | - | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | - | भरत सिंह चौहान |
| क्या भारत का नागरिक है | - | हाँ |
| पता | - | पुष्पांजलि प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर ग्वालियर (म.प्र.) |
| 4. प्रकाशक का नाम | - | भरत सिंह चौहान |
| क्या भारत का नागरिक है | - | हाँ |
| पता | - | पुष्पांजलि प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर ग्वालियर (म.प्र.) |
| 5. संपादक का नाम | - | भरत सिंह चौहान |
| पता | - | पुष्पांजलि प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर ग्वालियर (म.प्र.) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक से साझेदार या हिस्सेदार हों | - | (भरत सिंह चौहान) एक मात्र स्वामी |

**मैं भरत सिंह चौहान एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।**

**दिनांक: 02 मार्च 2021**

**हस्ताक्षर**
**भरत सिंह चौहान**
**(प्रकाशक के हस्ताक्षर)**

## संपादकीए

# मिलावट तो मौन-मर्डर है

खाद्य-पदार्थों और दवाइयों में मिलावट करनेवाले अब जरा डरेंगे, क्योंकि बंगाल, असम और उप्र की तरह अब मध्यप्रदेश भी उन्हें उम्र कैद देने का प्रावधान कर रहा है। अब तक उनके लिए सिर्फ 6 माह की सजा और 1000 रु. के जुर्माने का ही प्रावधान था। इस ढिलाई का नतीजा यह हुआ है कि आज देश में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा चीजों में मिलावट होती है। सिर्फ घी, दूध और मसाले ही मिलावटी नहीं होते, अनाजों में भी मिलावट जारी है। सबसे खतरनाक मिलावट दवाइयों में होती है। इसके फलस्वरूप हर साल लाखों लोगों की जानें चली जाती हैं, करोड़ों बीमार पड़ते हैं और उनकी शारीरिक कमजोरी के नुकसान सारे देश को भुगतने पड़ते हैं। मिलावट-विरोधी कानून पहली बार 1954 में बना था लेकिन आज तक कोई भी कानून सख्ती से लागू नहीं किया गया। 2006 और 2018 में नए कानून भी जुड़े लेकिन उनका पालन उनके उल्लंघन से ही होता है। उसके कई कारण हैं। पहला तो यही कि उस अपराध की सजा बहुत कम है। वह नहीं के बराबर है। मैं तो यह कहूंगा कि वह सजा नहीं, बल्कि मिलावटखोर को दिया जानेवाला इनाम है। यदि उसे 6 माह की जेल और एक हजार रु. जुर्माना होता है तो वह एक हजार रु. याने लगभग डेढ़ सौ रुपए महिने में जेल में मौज मारेगा। उसका खाना-पीना, रहना और दवा- सब मुफ्त ! अपराधी के तौर पर कोई सेठ नहीं, उसका नौकर ही पकड़ा जाता है। अब कानून ऐसा बनना चाहिए कि मिलावट के अपराध में कंपनी या दुकान के शीर्षस्थ मालिक को पकड़ा जाए। उसे पहले सरे-आम कोड़े लगवाए जाएं और फिर उसे सश्रम कारावास दिया जाए। उसकी सारी चल-संपत्ति जब्त की जानी चाहिए। यदि हर प्रांत में ऐसी एक मिसाल भी पेश कर दी जाए तो देखिए मिलावट जड़ से खत्म होती है कि नहीं। थोड़ी-बहुत सजा मिलावटी समान बेचनेवालों को भी दी जानी चाहिए। इसके अलावा मिलावट की जांच के नतीजे दो-तीन दिन में ही आ जाने चाहिए। मिलावटियों से सांठ-गांठ करनेवाले अफसरों को नौकरी से हमेशा के लिए निकाल दिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्रालय सभी भाषाओं में विज्ञापन देकर लोगों को यह बताए कि मिलावटी चीजों को कैसे घर में ही जांचा जाए। दवाइयों और खाद्य-पदार्थों में मिलावट करना एक प्रकार का हत्या-जैसा अपराध है। यह हत्या से भी अधिक जघन्य है। यह सामूहिक हत्या है। यह अदृश्य और मौन हत्या है। इस हत्या के विरुद्ध संसद को चाहिए कि वह सारे देश के लिए कठोर कानून पारित करे।

# हमें पर्यटन पर भी ध्यान देना होगा

**पर्यटन पूरी दुनिया के लिए रोजगार और आर्थिक मुनाफे का उद्योग बनता जा रहा है। कई देशों की अर्थव्यवस्था और सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान सर्वाधिक है। पर सोचनीय विषय यह है कि बत्तीस लाख स्[ ायर किलोमीटर एरिया में फैला भारत इस पायदान में कहां है? तो जनाब, आबादी में दूसरे, लैंड एरिया में सातवें और जीडीपी में तीसरे स्थान वाले इस देश को विश्व भ्रमण सूची में 34वां स्थान मिला है जो आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टी से काफी पीछे छोड़ रहा रहा है। यदि हम अपनी तुलना ग्लोबल से करें तो कुल दो लाख स्[ ायर मील एरिया और साढ़े चार करोड़ आबादी. स्पेन आज अकेला विश्व भ्रमण करने वाले साल के आठ करोड़ लोगों का पसंदीदा देश है।**

पूरे विश्व में अगर साल भर में 50 करोड़ लोग टूर करते हैं तो उनका सोलह प्रतिशत स्पेन खींचता है और फ्रांस साढ़े आठ से नौ करोड़ लोगों की पहली पसंद है। वर्ल्ड टूरिज्म फ्रेंडली कंट्री की लिस्ट के मुताबिक फ़्रांस और स्पेन पहले दूसरे नंबर पर बने रहते हैं. फ्रांस, जो कुल ढाई लाख स्क्वायर मील एरिया रखता है। इसके बाद क्योंकि विश्व की सबसे बड़ी मंडी यूनाइटेड स्टेट्स हैं, तो तीसरे नंबर पर उनका होना अजीब नहीं लगता पर अजीब लगता है चौथे नंबर पर चीन का होना। सोचिए, 6 करोड़ से ज़्यादा लोग सालाना चीन की सैर करते हैं. अब आपके दिमाग में भी वही सवाल घूम रहा होगा।

फ्रांस, स्पेन, अमेरिका यहां तक की नीदरलैंड भी बिलियन डॉलर्स की कमाई सिर्फ टूरिस्ट से ही कर रहे हैं. अगर हम कहें कि हमारे यहां क्राइम ज़्यादा है शायद



इसलिए टूरिस्ट नहीं आते, तो क्राइम के मामले में मेक्सिको, यूनाइटेड स्टेट्स सबके बाप हैं। मैक्सिको की सूखी बंजर ज़मीन और ड्रग कार्टेल के साथ लड़कियों को उठाकर ले जाने वाले दर्जनों हॉलीवुड फिल्में देखने के बावजूद टूरिस्ट के लिए सातवां सबसे बढ़िया देश है। यहां चार करोड़ से ज़्यादा लोग सालाना सफ़र पे जाते हैं।

भारत में पर्यटन कम क्यों यह एक विचारणीय प्रश्न है। दिल्ली के चांदनी चौक घूम रहे एक हमारे मित्र के अनुसार उसने देखा कि कुछ फॉरनर्स तसल्ली से फुटपाथ के रास्ते लाल किले की तरफ जा रहे थे कि एक आदमी ने उसके ठीक सामने गुटखा थूक दिया। मुझे घिन्न आ गयी तो सोचिए उनका चेहरा कैसा बना होगा? इसके विपरीत मुंह से गू थूकने वाला गन्दी सी स्माइल करके जाने लगा तो चार वहीं के दुकानदारों ने रोका, उन्होंने खूब गालियां दीं पर अब इन गालियों का क्या? इज्ज़त की तो वाट लग गई। भारत टूरिस्ट कम आने का यही सबसे बढ़ा कारण हैं कि हम गन्दगी बहुत रखते हैं. कहीं भी पिशाब करना हमारी हॉबी लिस्ट में आता है।भारत में होने वाला शोर भी एक बड़ा कारण है। विदेशी सैलानियों को चैन से न रह पाने का 7 एक प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार मेकलोड़गंज में आराम से कुछ इजराइली चैन के कश खींच रहे थे कि अचानक दस-बारह के ग्रुप में लोगों का वहां आगमन हुआ और उन्होंने इतना हल्ला मचाया, इतना गर्दा किया उस कैफ़े में कि वो इजराइली उठकर और ऊपर की ओर चले गए। ध्वनी प्रदूषण वो श्रेणी हैं जिसे हम मिथक मानते हैं, हमारे यहां शोर को किसी वॉयलेंस में काउंट ही नहीं किया जाता। हम कहें कि हमारी आबादी कंटक है, यहां इतनी भीड़ है कि फॉरनर्स को सुकून नहीं मिलता, तो जनाब चीन तो डेढ़ सौ करोड़ लोगों को पाल रहा है, फिर वो कैसे लिस्ट में चौथे नंबर पर है?

# विद्यालय एकता तथा शांति की पौधशालाएँ और शिक्षक शांति निर्माता हैं!

विद्यालय शांति की पौधशालाएँ हैं। इन्हीं पौधशालाओं में बच्चों के मस्तिष्क में बचपन से ही शांति रूपी बीज को बोने के साथ ही एकता रूपी खाद और मानवता रूपी पानी से सींचकर उन्हें विश्व नागरिक के रूप में तैयार किया जाता है। हमारा मानना है कि युद्ध के विचार सबसे पहले मनुष्य के मस्तिष्क में पैदा होते हैं, इसलिए मनुष्य को शान्ति की सीख देने के लिए हमें मनुष्य के मस्तिष्क में ही शान्ति के विचार रोपित करने होंगे, जिसके लिए सबसे श्रेष्ठ अवस्था बचपन है। वास्तव में विद्यालयी शिक्षा किसी व्यक्ति के जीवन के उन वर्षों से संबंध रखती है, जहाँ पर उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण होता है। इस अवस्था में रखी गई नींव पर ही जीवन का पूरा भवन निर्मित होता है। इसलिए शांतिपूर्ण विश्व को निर्मित करने का काम विद्यालय को करना चाहिए और इसके लिए विद्यालय के वातावरण को पूर्णतया शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज की एक छोटी इकाई के रूप में विकसित करना चाहिए क्योंकि यही शांति के लिए शिक्षा का मूल उद्देश्य भी है। बालकों के लिए शिक्षक उनके आदर्श होते हैं। इसलिए शिक्षकों का पहला उत्तरदायित्व यह है कि वे बच्चों को एक अच्छा इंसान बनने में सहायता करें और उन्हें अपनी क्षमताओं का सम्पूर्ण प्रयोग करने के लिए उत्साहित भी करें। शिक्षकों को एक अपने बच्चों को एक अच्छा इंजीनियर, डाक्टर, वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी आदि तो बनाना ही है। इसके लिए उन्हें अपने बच्चों




को विश्वस्तरीय ज्ञान भी देना है, लेकिन उसके पहले उन्हें प्रत्येक बालक को एक अच्छा इंसान बनाना है। ताकि वे अपने ज्ञान का उपयोग सारी मानवजाति की कल्याण के लिए करें। इस प्रकार शिक्षकों को एक माली की भूमिका में रहकर प्रत्येक बच्चे के मन-मस्तिष्क में विश्वस्तरीय ज्ञान और संस्कार के साथ ही शांति रूपी बीज को भी बोना चाहिए। उन्हें एकता रूपी खाद और मानवता रूपी पानी से सींच कर उन्हें विश्व नागरिक के रूप में विकसित करना चाहिए। शांति के लिए शिक्षा, शिक्षकों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे अपनी पौधशालाओं में ऐसे विश्व नागरिकों की पौध तैयार करें, जो कि सारे विश्व में शांति स्थापना और सारी मानवजाति के कल्याण के लिए काम करें।

किसी ने सही ही कहा है कि अच्छे शिक्षक शांति मूल्यों के आदर्श होते हैं। वास्तविक शांति की शुरूआत बच्चों से करनी होगी:- राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था कि "यदि हम इस विश्व में वास्तविक शांति की सीख देना चाहते हैं, और यदि हम युद्ध के विरूद्ध वास्तविक युद्ध चाहते हैं, तो हमें इसकी शुरूआत बच्चों से करनी होगी।" लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूलों ने केवल बच्चों को भौतिक विषयों की शिक्षा देने तक अपने को सीमित कर रखा है, जिसके कारण दुनियाँ में शांति की जगह अशांति फैलती जा रही है। इसलिए दुनियाँ के सभी देशों के विद्यालयों को अपने उत्तरदायित्व को समझते हुए एकता एवं शांति की पौधशालाओं के माध्यम से प्रत्येक बालक को बचपन से ही विषयों के साथ ही शांति एवं एकता की शिक्षा अनिवार्य रूप से देनी चाहिए। बच्चों के मन-मस्तिष्क में बचपन से ही यह विचार डालना होगा सारी दुनियाँ हमारा अपना ही घर है और दुनियाँ की सारी मानवजाति एक ही परमपिता परमात्मा की संताने हैं। ईश्वर एक है, धर्म एक है तथा मानव जाति एक है। 12 मई को देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए कहा था कि भारत की संस्कृति, भारत के संस्कार, उस आत्मनिर्भरता की बात करते हैं जिसकी आत्मा वसुधैव कुटुंबकम है। भारत जब आत्मनिर्भरता की बात करता है, तो आत्मकेंद्रित व्यवस्था की वकालत नहीं करता। भारत की आत्मनिर्भरता में संसार के सुख, सहयोग और शांति की चिंता होती है। जो संस्कृति जय जगत में विश्वास रखती हो, जो जीव मात्र का कल्याण चाहती हो, जो पूरे विश्व को परिवार मानती हो, जो अपनी आस्था में 'माता भूमि: पुत्रो अहम् पृथिव्य:' की सोच रखती हो जो पृथ्वी को मां मानती हो, वो संस्कृति, वो भारतभूमि, जब आत्मनिर्भर बनती है, तब उससे एक सुखी-समृद्ध विश्व की संभावना भी सुनिश्चित होती है। भारत की प्रगति में तो हमेशा विश्व की प्रगति समाहित रही है। भारत के लक्ष्यों का प्रभाव, भारत के कार्यों का प्रभाव, विश्व कल्याण पर पड़ता है। नई शिक्षा नीति के मसौदे में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विजन भारतीय मूल्यों से विकसित हुई शिक्षा प्रणाली बताई गई है, जो कि सभी को सर्वोत्तम गुणवत्ता शिक्षा

## कोरोना बदलते वक्त

कोरोना बदलते वक्त के साथ,ये कैसा दौर आया है चारों तरफ
कोरोना का,ये कैसा खौफ़ छाया है ।।
अंधाधुंध बायोवेपन के निर्माण से,ये कैसा समा छाया है।
साइंस की वायरोलॉजी ने,एक वायरस का कमाल बताया है।
बेजार आलम,मायूस निगाहें,ये कैसा वक़्त लाया है।
ख़त्म हो रही सांसे अब तो,मुश्किल में
हर शख़्स हो आया है।ख्वाहिशों की होड़
में ,जो दौड़ रही थी दुनिया सरपट।



इस जंग की रफ़्तार में,बेबस हर इंसान
हो आया है हुआ कैसा समा,और ये कैसा
मंजर छाया है ।
सड़कों पे इंसान,मास्क सेनिटाइजर पर
निर्भर हो आया है।किसी के अपने तो
किसी के सपनें लेकर जा रहा है ।
क़ुदरत का ये कैसा रुख़,समझ मे न आया है
आपदा की इस परिस्थिति में,कुछ जबाजो का डेरा आया है बेख़ौफ़
जमी पर जिनके होशले, उम्मीद की रोशनी लाया है।अब वैज्ञानिकों के
नेतृत्व में, कोरोना वैक्सीन का निर्माण हो आया है।
विजयी होंगे इस युद्ध मे,भारत ने नया इतिहास रचाया है।चुनौती भरे
इस समय में विश्व,नतमस्तक भारत के हो आया हैं।
इस आपदा को हराने एक जुट होकर,कदम आगे बढ़ाया है।वैज्ञानिकों
ने विज्ञान के माध्यम से,कुछ ऐसा कर दिखाया है और बनाकर कोरोना
वैक्सीन,जन-मानस को इस महामारी से बचाया

**डॉक्टर प्रिया पचौरी**
**वेटनरी कॉलेज जबलपुर (मध्यप्रदेश)**

# वैक्सीनेशनः पीएम मोदी का विपक्ष को जवाब

भारत में कोरोना वैक्सीनेशन का दूसरा फेज सोमवार से शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगवाई है। एक मार्च से कोरोना टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू होने वाला है, ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने टीका लगवाकर लोगों को एक खास संदेश दिया है। देश में वैक्सीन को लेकर कई बयानबाजी हुई, यहां तक कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को वैक्सीन लगवाने की चुनौती तक दे दी थी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत बायोटेक द्वारा विकसित की गई वैक्सीन कोवैक्सीन की खुराक ली है। यह वही वैक्सीन है, जिस पर विपक्ष ने कई सवाल खड़े किए थे। इस वैक्सीन को तीसरे चरण के ट्रायल के दौरान ही इस्तेमाल की मंजूरी मिल गई थी, जिस पर विपक्ष ने हंगामा खड़ा कर दिया था और वैक्सीन की गंभीरता पर सवाल खड़े किए थे। इस फेज के साथ वैक्सीनेशन प्रोग्राम सप्लाई-ड्रिवन नहीं रह जाएगा बल्कि डिमांड-ड्रिवन हो जाएगा। आम नागरिकों को केंद्र में रखकर इस प्लान को अंतिम रूप दिया गया है। यह फेज रेलवे की तर्ज पर काम करेगा। जिस तरह रेलवे टाइमटेबल बनाता है, वैसे ही अस्पताल तय करेंगे कि कब और कितने लोगों को वैक्सीन लगानी है। रेलवे में रिजर्वेशन और बिना रिजर्वेशन के भी सीटें मिलती हैं, इसी तरह अस्पतालों में शेड्यूल के अनुसार वैक्सीन लगेगी और वॉक-इन की व्यवस्था भी रहेगी। यानी बिना रिजर्वेशन के भी लोग वैक्सीन लगवा सकेंगे। आम लोगों के लिए वैक्सीन का दिन तय करने के साथ ही समस्या कोरोना के नए केसों को लेकर भी है। महाराष्ट्र के हालात तो नए खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। राज्य में संक्रमण को फैलने से रोकने के



लिए नागरिकों के लिए पूर्व की भांति सख्त नियम लागू कर कर दिए हैं। महाराष्ट्र सरकार के इन कदमों ने दस महीने पहले की भयावह स्थिति की याद दिला दी है। केरल में मामले बढ़ते देख कर्नाटक ने उससे लगने वाली सीमा को सील कर दिया है। एक पखवाड़े पहले तक देश में संक्रमितों की संख्या काफी कमी आ गई थी और लगने लगा था कि अब हम महामारी से मुक्त होने की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब फिर से संक्रमण के नए मामलों में तेज वृद्धि से लग रहा है कि महामारी कहीं फिर से तो नहीं लौट रही। महाराष्ट्र और केरल के अलावा मध्यप्रदेश, पंजाब, छत्तीसगढ़ और यहां तक कि जम्मू-कश्मीर में भी संक्रमण लगातार नए मामलों का मिलना बता रहा है कि अगर हम अब भी नहीं चेते तो देश फिर संकट में फंस सकता है।

देश में कोरोना की सबसे ज्यादा मार महाराष्ट्र पर पड़ी है। हालांकि भारत में पहला कोरोना संक्रमित मरीज पिछले साल फरवरी में केरल में मिला था। ऐसे में अब केरल और महाराष्ट्र के हालात को हल्के में नहीं लिया जा सकता। लंबे समय से देखने में आ रहा है कि महामारी के खतरे को लेकर लोग एकदम बेपरवाह हो गए हैं और मास्क लगाने व सुरक्षित दूरी जैसे बचाव के जरूरी उपायों का कहीं पालन नहीं कर रहे। ऐसी स्थिति देश के सभी राज्यों में देखने को मिल रही है। सबसे बड़ा संकट यह खड़ा हो गया है कि जब लोगों को मास्क और सुरक्षित दूरी जैसे नियम का पालन करने की सबसे ज्यादा जरूरत है, तभी वे घोर लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में संक्रमण को फैलने से कैसे रोका जा सकता है? देश के ज्यादातर राज्यों में तो अब स्कूल, कालेज सहित सभी शिक्षण संस्थान, सरकारी-निजी दफ्तर खुल गए हैं और आर्थिक गतिविधियों को पटरी पर लाने के लिए भी कवायदें जारी हैं। मुंबई में तो कुछ समय पहले लोकल ट्रेन सेवा भी अब सामान्य हो गई है। जाहिर है हर जगह भीड़ बढ़ रही है और साथ ही खतरा भी। कोरोना के नए स्वरूप के भी कुछ मामले में भारत में आए हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा सावधान रहने की जरूरत अब है। राहत की बात यह है कि भारत के पास अब कोरोना का टीका भी है और व्यापक स्तर पर टीकाकरण का काम चल रहा है। लेकिन सभी को टीका मिलने में वक्त लगेगा। यह नहीं भूलना चाहिए कि अभी हम गंभीर संकट से निकले ही हैं और खतरा अभी टला नहीं है। अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देशों में जहां लोगों ने न केवल लॉकडाउन का विरोध किया, बल्कि मास्क लगाने तक से परहेज किया, वहां अब महामारी की दूसरी लहर से लोगों की जान खतरे में है। ऐसे में महामारी से निपटने के लिए बिना जन सहयोग के सरकारें कुछ नहीं कर पाएंगी।

## माँ की मातृभाषा

**बोलते-बोलते सोचा नहीं कभी**
**क्या है मेरी भाषा**
**बस जाना अपनी बोली को ही**
**यही है मेरी आशा**
**पाए मैंने अपने शब्द माँ अपनी से ही**
**बनी फिर बोली मेरी मातृभाषा**
**वाक्यों की सरंचनाओं को भी**
**मैंने ऐसे ही तराशा**
**वर्षों बाद समझ बनी**
**नहीं यह माँ की भाषा**
**कमाल लगा मुझे बड़े होकर यही**
**पिता के परिवार सी थी मेरी माँ**
**की भाषा**
**माँ की बोली से लुप्त थी**
**उसकी माँ की भाषा**
**क्यों नहीं बढ़चढ़कर चली**
**नानी माँ की भाषा**
**इतनी भी कमतर नहीं थी**



**माँ की मातृभाषा**
**माँ क्यों ना तुम भी सिखाती**
**नानी की प्यारी भाषा**
**आज भी हूँ देखती**
**बिटिया का तमाशा**
**जब वो सीख अपनाती**
**मुझसे अपने पिता की भाषा**
**काश! चल पड़े उसमें ही**
**अपनी माँ की भाषा**
**और फिर मैं फिरूँ इतराती**
**आह! आगे बढ़ी मेरी मातृभाषा**

**डॉ. लता (हिन्दी शिक्षिका),**
**नई दिल्ली**

# प्रियंका ने कृति को भारी अंतर से हराया



**मुंबई ।** बीते दिनों एक चैनल ने अलग-अलग सोशल मीडिया प?लैटफॉर्म्?स पर यह जानने के लिए एक पोल किया कि फिल्?म %पानीपत% में रीडर्स को किसका लुक ज्?यादा पसंद आया- प्रियंका चोपड़ा या कृति सैनन। इस पोल में प्रियंका ने कृति को भारी अंतर से हरा दिया। जहां इंस्?टाग्राम पर कुल 5,093 वोट पड़े तो वहीं फेसबुक पर कुल 6,400 वोट पड़े। इंस्?टाग्राम पर प्रियंका को 66 और कृति को 34 पर्सेंट वोट मिले जबकि फेसबुक पर प्रियंका को 65 और कृति को 35 पर्सेंट वोट मिले। बात करें फिल्?म %पानीपत% की तो इसमें मोहनीश बहल, जीनत अमान, पद्मिनी कोल्?हापुरे, नवाब शाह और कुणाल कपूर जैसे ऐक्?टर्स भी अहम किरदारों में हैं। फिल्?म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और यह कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्?या पांडे की फिल्?म %पति पत्?नी और वो% से क्?लैश करेगी। डायरेक्?टर आशुतोष गोवारिकर की फिल्?म %पानीपत% ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस के बीच फिल्?म को लेकर एक्?साइटमेंट बढ़ गया है। जहां काफी लोग इसकी तारीफ कर रहे हैं तो वहीं कुछ का कहना है कि यह संजय लीला भंसाली की फिल्?में %बाजीराव मस्?तानी% और %पद्मावत% से मिलता-जुलता है। सोशल मीडिया पर %पानीपत% के किरदारों की तुलना भी भंसाली की फिल्?मों से होने लगी है। फिल्?म में सदाशिव राव भाऊ का रोल अर्जुन कपूर, अहमद शाह अब्?दाली का रोल संजय दत्?त और सदाशिव राव की पत्?नी पार्वतीबाई का किरदार कृति सैनन जैसे ऐक्?टर्स निभा रहे हैं। पार्वतीबाई के रोल में कृति ने फैंस का काफी ध्?यान खींचा। उनके लुक ने सभी को 2015 में आई %बाजीराव मस्?तानी% में प्रियंका चोपड़ा के कैरक्?टर काशीबाई की याद दिला दी।

## कंगना रनौत ने ढेड़ लाख का पहना न्यूड कलर पैंटसूट

**मुंबई।** ऐक्ट्रेस कंगना रनौत बॉलिवुड की सबसे स्टाइलिश और फैशनेबल ऐक्ट्रेसेस मानी जाती है। वह ट्रडिशनल और वेस्टर्न दोनों ही लिबास को वह बड़े ही ग्लैमरस अंदाज से कैरी करती हैं। इतना ही नहीं कंगना इस मामले में एक्सपेरिमेंट करने से




भी बाज नहीं आतीं है। लेकिन, इन दिनों कंगना अपने एक पैंटसूट को लेकर चर्चा में चल रही है। बताया जा रहा है कि हाल ही में कंगना न्यूड कलर के पैंटसूट और वाइट कलर के टैंक टॉप में नजर आई है। यह पैंटसूट को भले ही रंग की वजह से पसंद किया जा रहा हो, लेकिन इसकी कीमत भी करीब 1 लाख रुपये है। जिसे उन्होंने मैचिंग मोनोग्राम सिल्क टेलर्ड ट्राउजर्स के साथ पहना था। जिसकी कीमत करीब 50 हजार है। बताया जा रहा है कि कंगना के इस लुक को एमी पटेल ने स्टाइल किया है। हालांकि इसके साथ कंगना ने कोई अक्सेसरी नहीं पहनी है। लेकिन इसके बावजूद भी वह काफी हॉट लग रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने न्यूड कलर के पॉइंटेड हील्स और रेट्रो टिन्टेड सनग्लास भी उपयोग किये, जिसने उनके लुक को ओर भी बोल्ड बना दिया। वहीं, उन्होंने मेकअप भी अपने आउटफिट के हिसाब से किया है।

## बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आईं कल्कि कोचलिन



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस और डायरेक्टर अनुराग कश्यप की एक्स-वाइफ कल्कि कोचलिन 5 महीने की प्रेग्नेंट हैं। इस बारे में उन्होंने बताया कि वह अपने बॉयफ्रेंड के बच्चे की मां बनने वाली हैं। बताया जाता है ?कि कल्कि ने कुछ ?दिनों पहले अपने बॉयफ्रेंड हेशवर्ग के साथ अपनी कुछ तस्वीरें डालकर अपना रि ले श न शि प ऑफिशल बताया था। हालां?कि पिछले दिनों उनकी प्रेग्नेंसी के बाद उनकी एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई नजर आई। हालां?कि पिछले दिनों उन्होंने अपने मां बनने की खुशखबरी के साथ यह भी बताया था कि वह अभी से बदलाव महसूस कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह वॉटर बर्थ के रिए बच्चा पैदा करने का प्लान कर रही हैं। वह इस साल के आखिर में गोवा जाएंगी और मिड वाइफ की मदद से बच्चा पैदा करेंगी। कल्कि ने यह भी बताया कि उन्होंने और उनके बॉयफ्रेंड ने बच्चे का ऐसा नाम भी सोच लिया है जो बेटे या बेटी दोनों पर सूट करे।

## सारा वरुण धवन दिखेगों साथ-साथ



सारा अली खान ने अपनी फिल्म कूली नं. 1 के सह-कलाकार वरुण धवन की तारीफ की है। सारा ने वरुण के साथ अपनी एक तस्वीर ट्विटर पर साझा की। जिसमें वह चटख पीले रंग के कपड़ों में नजर आ रही हैं। वहीं, वह वरुण के तरफ देख रही हैं, जबकि वरुण कैमरे की तरफ देखते हुए नजर आये हैं। वहीं, वरुण भी पीले और नीले रंग की टी-शर्ट पहन रखी है। इसी दौरान सारा ने ट्विटर पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, कि जब उनके शब्द आपको अभिनय सिखाते हैं, लेकिन उनका हाव-भाव आपको कैमरा फेस करना सिखाता है।÷ बताया जा रहा है कि दोनों कलाकार निर्देशक डेविड धवन की आगामी फिल्म कूली नं. 1में नजर आने वाले हैं।

## शुभावी चौकसी ने बताया कसौटी.. के एक साल का सफर

कसौटी जिंदगी की ने अपना एक साल पूरा कर लिया है। इस मौके पर शो की अभिनेत्री शुभावी चौकसी का कहा कि मां बनने के बाद काम पर वापस लौटने के लिए इस शो ने उन्हें एक परफेक्ट प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है। उन्होंने बताया कि एक साल पहले जब उन्हें यह शो ऑफर किया गया था, तो वह एक मां के रूप में अपने बच्चे की देखभाल कर रही थीं और अपने बच्चे के लिए एक फुल-टाइम स्कूल का सोच रही थीं, ताकि वह एक्टिंग



की शुरुआत फिर से कर सकें, जो उनका जुनून रहा है। शुभावी ने कहा, ÷तभी मेरे प ा स %कसौटी..% का ऑफर आया। मैं इसका इंतजार शिद्दत से कर रही थी।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷शो के बारे में सबकुछ सही था, यह वही प्रोडक्शन हाउस था, जहां से मैंने अपने टेलीविजन करियर की शुरुआत की थी..मेरी लकी मैस्कॉट (निर्माता) एकता कपूर और बालाजी के लिए मेरे दिल में एक खास जगह है, जितना मैं जानती थी वह ये था कि मैं जिस टीम के साथ काम करने जा रही हूं, वह बेहद अच्छा होगा। इस दौरान उन्होंने इसके लिए ईश्वर का शुक्रिया भी अदा किया। शुभावी इसके लिए बेहद आभारी हैं और वह कहती हैं। मैं अपने इस सफर से बहुत खुश हूं और खुद को धन्य मानती हूं।÷

## जाह्नवी ने दिखाई मानवीयता भूखी बच्ची को दिया बिस्कुट का पैकेट, वीडियो वयरल

**मुंबई।** बॉलीवुड के स्टार के बेटे और बेटियों के मानवीय होने की बात अक्सर सामने आती रहती है और अब स्वर्गीय अभिनेत्री श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर चर्चा में है। पिछले साल फिल्म %धड़क से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली जाह्नवी कपूर का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जाह्नवी एक छोटी सी भूखी गरीब बच्ची की मदद करती नजर आ रही हैं। वैसे तो जाह्नवी का ऐसा वीडियो आए दिन सोशल मीडिया पर छाया रहता है। उनके कई वायरल वीडियो में उन्हें गरीब बच्चों की मदद करते हुए देखा जा चुका है, लेकिन इस बार का वीडियो थोड़ा खास है। तो आइए, आपको बताते हैं आखिर इस वीडियो में ऐसा क्या है जो इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें, यह वीडियो मुंबई का है, जहां एक मासूम बच्ची को जब जाह्नवी नजर आई तो उसने जाह्नवी से कहा कि उसे बहुत भूख लगी हुई है। यह सुनकर जाह्नवी से रहा नहीं गया



छोटी सी भूखी गरीब बच्ची की मदद करती नजर आ रही हैं। वैसे तो जाह्नवी का ऐसा वीडियो आए दिन सोशल मीडिया पर छाया रहता है। उनके कई वायरल वीडियो में उन्हें गरीब बच्चों की मदद करते हुए देखा जा चुका है, लेकिन इस बार का वीडियो थोड़ा खास है। तो आइए, आपको बताते हैं आखिर इस वीडियो में ऐसा क्या है जो इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें, यह वीडियो मुंबई का है, जहां एक मासूम बच्ची को जब जाह्नवी नजर आईं तो उसने जाह्नवी से कहा कि उसे बहुत भूख लगी हुई है। यह सुनकर जाह्नवी से रहा नहीं गया और उन्होंने उस बच्ची को अपने साथ आने को कहा, लेकिन इसी बीच उन्होंने मीडिया वालों से रिक्वेस्ट किया कि प्लीज वह अपना कैमरा बंद कर दें। जाह्नवी ने मीडिया वालों से कहा कि एक मिनट के कैमरा को ऑफ कर दें, क्योंकि यह बहुत अजीब लगता है। इसके बाद मीडिया वालों ने भी उनके कहने पर अपना-अपना कैमरा बंद कर दिया,

और उन्होंने उस बच्ची को अपने साथ आने को कहा, लेकिन इसी बीच उन्होंने मीडिया वालों से रिक्वेस्ट किया कि प्लीज वह अपना कैमरा बंद कर दें। जाह्नवी ने मीडिया वालों से कहा कि एक मिनट के कैमरा को ऑफ कर दें, क्योंकि यह बहुत अजीब लगता है। इसके बाद मीडिया वालों ने भी उनके कहने पर अपना-अपना कैमरा बंद कर दिया, लेकिन जब कैमरा ऑन हुआ तो उस बच्ची को जाह्नवी एक बिस्किट का पैकेट देती हुई नजर आईं। उन्होंने उस बच्ची को अपने साथ अपनी गाड़ी तक लेकर आईं और अपनी गाड़ी से एक बिस्किट का पैकेट निकाला और उस बच्ची को दे दिया। बता दें, जाह्नवी जल्द ही अपनी दूसरी फिल्म %गुंजन सक?सेना- द कारगिल गर्ल% में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म वह गुंजन सक्सेना की भूमिका में नजर आने वाली हैं। कारगिल युद्ध में अपनी साथी श्री विद्या के साथ मिलकर गुंजन सक्सेना ने पाकिस्तान को नाकों चने चबवा दिए थे।

# तामोट में होगा 600 करोड़ का निवेश

## मुख्यमंत्री चौहान से उद्योगपतियों ने की भेंट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा में पहल करने पर राज्य सरकार उद्योगपतियों की हरसंभव सहायता करेगी। प्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण, टेक्सटाईल, सौर ऊर्जा और अधोसंरचना निर्माण में पर्याप्त संभावनाएँ हैं। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रालय में आज उद्योगपतियों से भेंट के दौरान यह बात कही।'मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट में सागर ग्रुप के चेयरमेन श्री सुधीर कुमार अग्रवाल ने रायसेन जिले के ग्राम तामोट में 600 करोड़ रूपये की लागत से टेक्सटाईल और खाद्य प्र-संस्करण इकाइयाँ स्थापित करने संबंधी



योजना पर चर्चा की। इन इकाइयों से 2 हजार 500 व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजित होगा। गोल्डी सोलर प्राइवेट लिमिटेड के कैप्टन ईश्वर ढोलकिया ने प्रदेश में सोलर पावर प्लांट लगाने संबंधी प्रस्ताव रखा। उनकी सौर ऊर्जा उत्पादन में लगने वाली सोलर पैनल के लिये सोलर सेल उत्पादन की योजना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आत्म-निर्भर भारत के निर्माण में निरंतर सक्रिय हैं। यह पहल इसमें सहायक होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान से प्रतिभा सिंटेक्स के एम.डी. श्री श्रेयस्कर चौधरी और नेटलिंक के सी.ई.ओ. श्री अनुराग श्रीवास्तव ने भी भेंट की।

# मंडल की परीक्षा में कोरोना गाइड लाइन का सख्ती से पालन होगा

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं की परीक्षाओं के लिए मंडल ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। परीक्षा हाल में प्रवेश से पहले हर विद्यार्थी और परीक्षा में शामिल स्टाफ की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। परीक्षा हाल के बाहर सेनेटाइजर भी उपलब्ध रहेगा। वहीं जगह जगह विद्यार्थियों के हाथ धोने की व्यवस्था भी रहेगी। मंडल की प्रभारी अध्यक्ष जयश्री कियावत ने मंडल की शुरू होने वाली 10वीं-12वीं की परीक्षाओं की तैयारी को लेकर मंडल मुख्यालय में अपने स्तर पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें स्पष्ट निर्देश जारी किया गया कि अभी कोरोना के प्रकरणों में फिर इजाफा हुआ है। ऐसे में परीक्षा के दौरान कोरोना गाइड लाइन का सख्ती से पालन हर पीरक्षा केंद्र पर कराया जाए। परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पहले विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचने का निर्देश दिया गया है, ताकि हाल में प्रवेश से पहले हर विद्यार्थियों की थर्मल स्क्रीनिंग हो सके। परीक्षा हाल में प्रवेश से पहले सेनेटाइजर का उपयोग और हाथ धोने की व्यवस्था भी केंद्राध्यक्षों द्वारा तय की जाए।

### विधानसभा में राज्य सरकार ने किया आश्वस्त

# फीस जमा नहीं की तो भी परीक्षा देंगे छात्र



**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना काल के दौरान अगर छात्र-छात्राओं ने स्कूल फीस जमा नहीं कराई है तो भी छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने से वंचित नहीं किया जा सकता। उक्त आश्वासन दिया है राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा इंदर सिंह परमार ने। उन्होंने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि ऑन पढाई करवाने वाले स्कूल ही मात्र टयूशन फीस लेंगे। इस आशय के पत्र सभी जिला कलेक्टरों और डीईओ को भेज चुके हैं। इसके बावजूद भी अगर कोई स्कूल जोरजबर्दस्ती करता है तो इसकी शिकायत कलेक्टर से करें। ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा ने विधायक बहादुर सिंह चौहान के प्रश्न के उत्तर में दी। चौहान ने एक स्कूल मां वैष्णो कान्वेंट स्कूल झारडा की शिकायत करते हुए जानकारी दी कि स्कूल प्रबंधन ने एक बच्चे को फीस के लिए मारापीटा और स्कूल में बंद कर दिया। मेरी शिकायत पर बच्चें को स्कूल से छुडा कर लाई। विधायक ने स्कूल की मान्यता तत्काल समाप्त करने की मांग की। साथ ही उन्होंने स्कूल भवन के नियम के खिलाफ बने होने की बात भी बताई और स्थल निरीक्षण करने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग की। जवाब में मंत्री ने कहा कि स्कूल संचालन में नियमितता की जांच करवाई जाएगी। सत्र के बीच में मान्यता खत्म करने से बच्चों का नुकसान होगा उसको भी ध्यान में रखना होगा। मंत्री ने कहा कि दोनों स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।उन्होंने कहा कि किसी को भी फीस के लिए बुलाकर मारपीट करना सही नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भवन के स्थल निरीक्षण करने वाले अफसरों पर कार्रवाई भी की जाएगी। निजी स्कूलों द्वारा डरा धमकाकर जबरन फीस वसूली की शिकायतें सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई विधायकों द्वारा की गई। स्कूलों की जोरजबर्दस्ती पर रोक लगाने की मांग की गई। इसके बाद सरकार ने स्पष्ट किया कि वह पहले ही निर्देश जारी कर चुके हैं और पुनः इसी आशय के निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। इस मुददे पर विधायक तरुण भनौत, पीसी शर्मा, संजय शाह ने चरचा में भाग लिया।

### मुख्यमंत्री चौहान ने लगाया पारिजात का पौधा



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के क्रम में आज पारिजात हरसिंगार का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री चौहान ने स्मार्ट रोड पर स्मार्ट रोड उद्यान में पौधारोपण किया।

# निजी वेयरहाउस संचालक भी समर्थन मूल्य पर करेंगे गेहूं खरीदी

**भोपाल** पिछले कुछ दिनों से तापमान बढने के कारण प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में गेहूं की फसल भी पकना शुरू हो गई है। 15 मार्च के बाद कटाई भी होने लगेगी और एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू हो जाएगी। इस बार निजी वेयरहाउस (गोदाम) संचालक भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीद सकते हैं। सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बीते दिनों सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल से सबक लेकर सरकार गेहूं खरीदी के लिए ठोस कदम उठाया है। अब निजी वेयरहाउस संचालकों को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदी के अधिकार मिल गए हैं। किसान निजी वेयरहाउस में भी समर्थन मूल्य पर उपज बेच सकेंगे। 27 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से मिलेगा कमीशन समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए उन्हीं गोदामों का चयन किया गया है, जिनमें कम से कम 3 हजार टन भंडारण क्षमता रिक्त है। वेयरहाउस के 15 किमी के दायरे में आने वाले गांव के किसान उपज बेच सकेंगे।

**पक गई गेहूं की फसल, 1 अप्रैल से होगी खरीदी**

वेयर हाउस संचालकों को सरकार खरीदी के लिए 27 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से कमीशन देगी। कृषि मंत्री कमल पटेल ने बताया वेयरहाउस संचालक भी खरीदी कर सकेंगे। गोदाम वेयरहाउस कॉर्पोरेशन से पंजीकृत होना चाहिए। वहीं प्रमुख सचिव फैज अहमद किदवई ने भी पत्र जारी कर दिया है। हालांकि सहकारी समितियों पर खरीदी यथावत होगी। खरीदी केंद्रों पर शीघ्र तुलाई की व्यवस्था, पार्किंग, पीने के पानी और शौचालय, किसानों के बैठने की उचित व्यवस्था, 2 हजार मीट्रिक टन भंडारण की क्षमता, तुलाई, बोरे में भराई, पैकिंग, कंप्यूटर सिस्टम, इंटरनेट, ऑपरेटर। वेयरहाउस संचालक के पास खर्च के लिए 5 लाख रुपए की क्रेडिट लिमिट होनी चाहिए। प्रदेश में किसानों के लिए आर्मी की तर्ज पर कैंटीन बनाई जाएंगी। कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि प्रदेश की सभी मंडियों को किसानों के लिए सर्व सुविधायुक्त आदर्श मंडी के रूप में तैयार किया जाएगा। मंडी की कैंटीन में अच्छी गुणवत्ता के कृषि उपकरण व रोजमर्रा, घरेलू सामान सस्ती कीमतों पर ले सकेंगे।

# चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग की मौजूदगी में शुरू हुआ वरिष्ठों का वैक्सीनेशन



**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को गांधी मेडिकल कॉलेज स्थित कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पहुँचकर आज से शुरू हुए 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के वैक्सीनेशन का जायजा लिया। उन्होंने अपनी देख-रेख में सुबह पहुँचे वरिष्ठ नागरिक डॉ. मोहन टंकवाल, सरदार कुलवंत सिंह, श्रीमती अंगूरी जैन और डॉ. एन.पी. मिश्रा सहित अन्य को वैक्सीन लगवाई। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने व्हील-चेयर पर आये डॉ. एन.पी. मिश्रा को स्वयं ले जाकर उनका वैक्सीनेशन करवाया। इसके पहले उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से चर्चा की और उनका हालचाल जाना। उनकी हौसला अफजाई और मौजूदगी से वरिष्ठ नागरिक अपने आप में अभिभूत थे। सिस्टर नलिनी ने एक-एक कर वरिष्ठ नागरिकों का वैक्सीनेशन किया। इसके पहले सिस्टर ने उनसे सुबह के नाश्ते की जानकारी प्राप्त की। वैक्सीनेशन के बाद वरिष्ठ नागरिकों को 30 मिनट तक आब्जर्वेशन में रखा गया। इस दौरान संभागायुक्त श्री कवीन्द्र कियावत, जीएमसी डीन डॉ. अरुणा कुमार और हमीदिया अस्पताल अधीक्षक डॉ. आई.डी. चौरसिया मौजूद थे।

### मप्र में दूसरे चरण का वैक्सीनेशन

# स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी ने लगवाया टीका

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण के खिलाफ वैक्सीनेशन का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हो गया। भोपाल में स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी ने जेपी अस्पताल में टीका लगवाया। जबलपुर में संतों ने टीका लगवाया, तो ग्वालियर में सांसद का 12 बजे तक इंतजार किया गया। सांसद को पहला टीका लगाए जाने के बाद अभियान शुरू किया गया। भोपाल में 15 स्थानों पर टीकाकरण शुरू हुआ। जेपी अस्पताल को गुब्बारे और फूलों से सजाया गया है। यहां स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी को पहला टीका लगाए जाने के बाद आमजन को टीका लगाना शुरू किया गया।जबलपुर के 9 अस्पतालों में टीकाकरण शुरू हो गया है। जिला अस्पताल विक्टोरिया में स्वामी अखिलेश्वरानंद, श्यामा देवाचार्य और अन्य संतों ने वैक्सीन लगवाकर आमजन को जागरूक किया। टीकाकरण केंद्रों पर उत्साह के साथ लोगों की भीड़ हैं। जिला अस्पताल विक्टोरिया में पत्नी के साथ पहला टीका लगवाने वाले शंभूनाथ बोले, अब डर-डर कर जीने से मिलेगी मुक्ति ग्वालियर में सोमवार





को 12 बजे बाद टीकाकरण शुरू किया गया। ग्वालियर में सांसद विवेक शेजवलकर को पहला टीका लगाया जाना था और वे 12 बजे पहुंचे। इस वजह से बुजुर्गों को बाहर बैठाया गया है। यहां टीकाकरण शुरू नहीं हुआ जबकि बुजुर्गों को 10 बजे बुला लिया गया था। इस बीच बुजुर्गों के बीच कतार में धक्का-मुक्की चलती रही। यहां ऐप पर रजिस्ट्रेशन शुरू नहीं होने की वजह से यह समस्या आई। ग्वालियर-चंबल अंचल के सबसे बड़े अस्पताल जेएएच में टीका लगने के इंतजार में सीनियर सिटीजन बैठे रहे। यहां कंप्यूटर तक नहीं लगाया गया, जिसकी वजह से टीकाकरण से पहले की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। 12 बजे सांसद ग्वालियर विवेक शेजवलकर को पहला टीका लगाया गया। इंदौर में सोमवार सुबह 10 बजे आम नागरिकों के लिए टीकाकरण शुरू हो गया। सुबह 9 बजे ही अस्पतालों में लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। 60 साल से अधिक और 45 से 59 साल की उम्र के गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को टीका लगाया जा रहा है। इंदौर में शासकीय पीसी सेठी अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल महू, महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज, अरबिंदो मेडिकल कॉलेज, इन्डेसक मेडिकल कॉलेज, चोइथराम हॉस्पिटल, मेडिकेयर हॉस्पिटल में टीकाकरण किया जा रहा है। उज्जैन में 50 साल की उम्र से ऊपर के आम लोगों को कोविड-19 का टीकाकरण सोमवार सुबह 10 बजे शुरू हुआ। जिले के 10 सेशन साइट पर टीके लगाए जा रहे हैं। 1 घंटे में करीब 50 लोगों को टीके लगाए जा चुके हैं।

# विराट, रोहित और रहाणे ने किया अभ्यास

**अहमदाबाद।** कप्तान विराट कोहली सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और उपकप्तान अजिंक्य रहाणे सहित भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से होने वाले चौथे और अंतिम टेस्ट से पूर्व जमकर नेट अभ्यास किया। बीसीसीआई ने ट्विटर पर इसका एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें विराट के साथ ही उप-कप्तान रहाणे और रोहित को नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखा गया है। इन तीनों अनुभवी बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ ड्राइव, पुल और फ्लिक का अभ्यास किया। मुख्य कोच रवि शास्त्री को रोहित और कोहली के साथ बात करते हुए देखा गया जिसके बाद ये दोनों सीनियर बल्लेबाज आपस में बात करने लगे। वहीं तीसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करने वाले युवा स्पिनर अक्षर पटेल को कुछ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ नेट पर गेंदबाजी करते हुए देखा गया। क्षेत्ररक्षण अभ्यास के दौरान रोहित के बाद दूसरी स्लिप में खड़े रहाणे को अपने दायीं ओर छलांग लगाकर कैच लपकते हुए देखा गया। भारतीय टीम अंतिम टेस्ट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरेगी। उनकी जगह उमेश यादव या सिराज को शामिल किया जा सकता है।



## इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में रोहित ऋषभ और सुंदर को मिल सकता है आराम

**मुम्बई ।** इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में टीम इंडिया के तीन खिलाड़ियों उपकप्तान रोहित शर्मा विकेटकीपर ऋषभ पंत और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर के नहीं खेलने की संभावनाएं है। इन तीनो को ही आराम दिया जा सकता है। भारत और इंग्लैंड के बीच 23 मार्च से एकदिवसीय सीरीज की शुरुआत होगी। ये सभी मुकाबले पुणे में खेले जाएंगे। पुणे में कोरोना वायरस के बढ़ रहे मामलों को देखते हुए एकदिवसीय सीरीज खाली स्टेडियम में ही खेली जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार रिपोर्ट्स के अनुसार रोहित, ऋषभ और सुंदर को आराम दिया जा रहा है। ये तीनो ही खिलाड़ी पिछले आईपीएल से लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। ये ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज भी खेल रहे हैं। और फिर आगे पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेंगे। ऐसे में लगातार बायो बबल में रहना मानसिक तौर पर काफी थकान भरा होता है। वहीं अगले माह अप्रैल में आईपीएल 2021 भी शुरू होगा जिससे पहले इन खिलाड़ियों को आराम दिये जाने के अनुमान लगाये गये हैं। ऐसे में इन तीनों खिलाड़ियों की जगह टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने वाले किसी खिलाड़ी को ही एकदिवसीय सीरीज में अवसर मिलेगा।

# आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी से पहले पृथकवास में रहेंगे इंग्लैंड के निशानेबाज



**नई दिल्ली।** यहां 18-29 मार्च के बीच होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में भाग लेने आये इंग्लैंड के निशानेबाजों को कोरोना महामारी को देखते हुए सात दिन तक पृथकवास में रहना पड़ेगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अनुसार इंग्लैंड से आने वाले निशानेबाजों के लिए सात दिन के कड़े पृथकवास को लेकर महासंघ को सकारात्मक जवाब मिला है। गौरतलब है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सरकार ने विदेशों से आने वाले यात्रियों के लिए हाल में ताजा निशानिर्देश जारी किए। इसमें विशेष रूप से इंग्लैंड, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका से आने वाले यात्रियों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है जहां वायरस का अधिक गंभीर प्रकार सामने आया है। सरकार ने अपने नवीनतम दिशानिर्देश में कहा है कि आगमन पर कोविड-19 नेगेटिव आने के बाद इन अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को सात दिन के कड़े पृथकवास से गुजरना होगा। इससे पहले भारत दौरे पर आई इंग्लैंड की क्रिकेट टीम को भी सात दिन के पृथकवास से गुजरना पड़ा था। उसी को देखते हुए निशाने बाजों को भी 14 की जगह 7 दिनों के पृथकवास की अनुमति दि गयी है। राइफल, पिस्टल और शॉटगन निशानेबाजों के संयुक्त विश्व कप का आयोजन डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में आयोजित किया जाएगा। अब तक 40 से अधिक देशों ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि की है।

## विनेश ने यूक्रेन में स्वर्ण जीता

**कीव ।** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने 'यूक्रेनियन रेसलर्स एवं कोचेज मेमोरियल टूर्नामेंट' में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। विनेश ने 53 किग्रा वर्ग भार वर्ग में साल 2017 की विश्व चैम्पियन




बेलारुस की वी कालादजिंस्की को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कोरोना महामारी के कारण एक साल बाद इस टूर्नामेंट के जरिये खेल में वापसी कर रही विनेश ने शानदार प्रदर्शन किया। विनेश ने मुकाबले के दौरान 10-8 से बढ़त हासिल करने के बाद विरोधी पहलवान को वापसी का कोई अवसर नहीं दिया। विनेश ने मुकाबले की शुरुआत में ही बायें पैर से किये हमले के बल पर 4-0 की बढ़त हासिल कर ली पर इस दौरान किलादजिंस्की ने शानदार चाल चल कर स्कोर 4-4 कर दिया। वहीं ब्रेक से 10 सेकेंड पहले ही विनेश ने दो और अंक हासिल कर 6-4 की बढ़त हासिल कर ली।

# विवियन रिचर्ड्स ने पिच की आलोचना करने वाले इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों को सुनाई खरी-खरी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान विवियन रिचर्ड्स ने भारत और इंग्लैंड के बीच नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में हुए डे-नाइट टेस्ट की पिच की आलोचना करने वालों को आड़े हाथ लिया है। उनके निशाने पर इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी हैं, जो मोटेरा की पिच को टेस्ट क्रिकेट के लायक नहीं बता रहे। रिचर्ड्स ने इन्हें जवाब देकर कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता,तब वहां चौथे टेस्ट में भी ऐसी ही पिच बनाते। रिचर्ड्स ने कहा कि मुझसे हाल ही में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे और तीसरे टेस्ट को लेकर सवाल पूछा गया। मुझे हकीकत में इस सवाल को लेकर थोड़ी दुविधा है, क्योंकि ये मुकाबले जिस विकेट पर हुए , उस लेकर बहुत हो-हल्ला मच रहा है, पिच को कोसा जा रहा है। मुझे लगता है कि जो लोग पिच का रोना रो रहे हैं। मेरी राय में उन्हें यह एहसास होना चाहिए कि कई बार आपको सीमिंग ट्रैक मिलते हैं। जिस पर गेंद गुड लेंथ से उछाल लेते हुए आती है, और कई बार बल्लेबाजों को इससे जूझना पड़ता है।



उन्होंने कहा कि अब आपको इसका दूसरा पहलू देखना होगा और मुझे लगता है कि यही वजह है इसे टेस्ट मैच क्रिकेट नाम दिया गया था। दरअसल, इस फॉर्मेट में खेलते वक्त आपकी इच्छाशक्ति और मानसिक मजबूती का टेस्ट होता है। अगर आप शिकायत करते हैं कि विकेट टर्निंग है,तब यह सिक्के का दूसरा पहलू है। लोग यह भूल जाते हैं कि अगर आप भारत जा रहे हैं,तब आपको ऐसी ही पिच की उम्मीद करनी चाहिए। आपको यह जानने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए कि आप वहां क्या करने जा रहे हैं। पूर्व दिग्गज ने कहा कि तीसरा टेस्ट जल्दी खत्म हो जाने के बाद इंग्लैंड टीम के पास ये मौका था कि वहां पिच का रोना रोने की बजाय अपनी कमियों का आकलन कर ये मानकर चौथे टेस्ट की तैयारी करती कि इस मुकाबले में भी उस मोटेरा जैसा ही टर्निंग ट्रैक मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर मैं पिच तैयार करने के काम से जुड़ा रहता,तब चौथे टेस्ट में भी मोटेरा जैसी ही पिच बनाता। सीरीज के पहले टेस्ट के बाद से ही इंग्लैंड को कंफर्ट जोन से बाहर आना पड़ा है। इसी वजह से उसे परेशानी हो रही है। हालांकि, अगर उन्हें मुकाबला करना है तो इससे बाहर निकलना होगा।

# पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर




**मुंबई।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों सोमवार को लगातार दूसरे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इसके पहले 27 फरवरी को पेट्रोल और डीजल के दाम ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गए। देश की राजधानी में पेट्रोल 91.17 रुपए प्रति लीटर और डीजल 81.47 रुपए प्रति लीटर है। दिल्ली में 28 फरवरी को पेट्रोल के दाम 91.17 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 81.47 रुपए प्रति लीटर हैं। मुंबई में भी पेट्रोल के भाव 97.57 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 88.60 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 91.35 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 84.35 रुपए प्रति लीटर हैं। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 93.11 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.45 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल के दाम 94.22 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.37 रुपए प्रति लीटर हैं।

## मजबूती के साथ खुले बाजार

**मुंबई ।** बंबई शेयर बाजार (बीएसई) में सोमवार को कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 500 अंक से अधिक चढ़कर 49,608 अंक से ऊपर निकल गया। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दायरे में पहुंच जाने पर निवेशकों में उत्साह देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के शुरुआती दौर में 508.98 अंक बढ़कर 49,608.97 अंक पर पहुंच गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी सूचकांक 153.15 अंक बढ़कर 14,682.30 अंक पर रहा। सेंसेक्स की बढ़त इसमें शामिल सभी शेयरों में आई बढ़त के आधार पर रही। इससे पहले ?पिछले सप्ताहांत शुक्रवार को बीएसई सेंसेकस 1,939.32 अंक टूटकर 49,099 अंक पर बंद हुआ था। पिछले साल चार मई के बाद यह बाजार में किसी एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट थी। वहीं एनएसई का निफ्टी भी शुक्रवार को 568.20 अंक गिरकर 14,529.15 अंक पर बंद हुआ। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक साल पहले की इसी अवधि के मुकाबले 0.4 प्रतिशत बढ़ा है।

# वीवो एक्स60 सीरीज होगी लॉन्च, गूगल प्ले कंसोल लिस्टिंग पर देखा गया स्मार्टफोन को

**नई दिल्ली ।** चाइनीज कंपनी वीवो की एक्स60 स्मार्टफोन सीरीज जल्द ग्लोबल मार्केट में लॉन्च हो सकती है। हालांकि, इनके स्पेसिफिकेशन्स चीन में लॉन्च हुए वेरियंट्स से अलग हैं। गूगल प्ले कंसोल लिस्टिंग को एमएसपी ने सबसे पहले सार्वजनिक किया। वीवो ने दिसंबर और जनवरी में वीवो एक्स60,, वीवो एक्स60, प्रो और वीवो एक्स60, प्रो+ स्मार्टफोन्स लॉन्च किए थे। अब वीवो एक्स60 और वीवो ओकेस60 प्रो को गूगल प्ले कंसोल लिस्टिंग पर देखा गया है। वीवो एक्स60 में 12 जीबी रैम का जिक्र है।। लिस्टिंग के मुताबिक, फोन में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 870 प्रोसेसर होगा। स्मार्टफोन ऐंड्रॉयड 11 पर चलेगा। वीवो एक्स60 में 1080×2376 पिक्सल रेजॉलूशन वाली स्क्रीन दी जाएगी। हैंडसेट में क्वाड-कैमरा सेटअप दिया गया है।




फोन में रियर पर 48 मेगापिक्सल प्राइमरी सेंसर, 13 मेगापिक्सल के दो सेंसर और 8 मेगापिक्सल वाला क्वाड रियर कैमरा सेटअप है। सेल्फी के लिए फोन में 32 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा दिया गया है। वीवो एक्स60 में 48 मेगापिक्सल प्राइमरी और 13 मेगापिक्सल के दो सेंसर वाला ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है। हैंडसेट में 32 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा है। खास बात है कि एक्स60 में 4300एमएएच जबकि एक्स60 प्रो में 4200एमएएच बैटरी दी गई है।

ऐसा लगता है कि चिपसेट के अलावा वीवो एक्स60 और एक्स60 प्रो के ग्लोबल वेरियंट्स में ओरिजिनल वर्ज़न वाले ही स्पेसिफिकेशन्स दिए जाएंगे। वीवो ने अभी लॉन्च डेट का ऐलान नहीं किया है लेकिन एक्स60 सीरीज को मार्च के आखिर तक लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। बात करें वीवो एक्स60 प्रो के स्पेसिफिकेशन्स की तो इसके सारे स्पेसिफिकेशन्स चीन में लॉन्च हुए वीवो एक्स60 वाले ही हैं। चीन में वीवो एक्स60 को एक्सीनॉस 1080 चिपसेट और 12 जीबी रैम के साथ लॉन्च किया गया था। स्मार्टफोन में 6.56 इंच एमोलेड डिस्प्ले है जिसका रिफ्रेश रेट 120 हर्ट्ज़ है। फोन ऐंड्रॉयड 11 बेस्ड ओरिजिन ओएस पर चलता है। वीवो एक्स60 प्रो में भी यही सारे स्पेसिफिकेशन्स हैं लेकिन कैमरा थोड़ा बेहतर है।

# कोविड-19 की वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित और प्रभावी है : सांसद शेजवलकर

## द्वितीय चरण के टीकाकरण में सांसद शेजवलकर ने लगवाया पहला टीका

**ग्वालियर।** कोविड-19 के द्वितीय चरण का टीकाकरण ग्वालियर जिले में 13 टीकाकरण केन्द्रों पर प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस स्थानीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने टीका लगवाया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीलिमा शेजवलकर ने भी टीका लगवाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री ध्यानेन्द्र सिंह, श्रीमती माया सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, भाजपा नेत्री सुश्री मंजू सिकरवार सहित 60 वर्ष से अधिक के अनेक लोगों ने टीकाकरण कराया। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने टीकाकरण के पश्चात कहा कि विश्व के सबसे बड़े पूर्णतः वैज्ञानिक सुरक्षित सुनियोजित टीकाकरण अभियान के द्वितीय चरण में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने टीका लगवाकर अभियान का शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की जनता ने कोविड का सफलतापूर्वक मुकाबला किया। लॉकडाउन, कोविड से संघर्ष हेतु आवश्यक स्वास्थ्य अधोसंरचना का सृजन, देश के







वैज्ञानिकों द्वारा समयबद्ध अभियान से वैक्सीन का निर्माण कर टीकाकरण अभियान से हम इस देश पर छाए संकट से उभरने जा रहे हैं। क्षेत्रीय सांसद श्री शेजवलकर ने कहा कि भारत में निर्मित वैक्सीन पूरी तरह से प्रभावी, विश्वसनीय व सुरक्षित है। विश्व में अनेक देशों में भारत में निर्मित वैक्सीन का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब भी टीका लगवाकर कोविड-19 से संघर्ष के इस निर्णायक दौर में सहभागी बनें। द्वितीय चरण के टीकाकरण के शुभारंभ अवसर पर जेएएच परिसर के टीकाकरण केन्द्र में संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल सहित अधीक्षक जेएएच डॉ. आर एस धाकड़ ने उपस्थित रहकर टीकाकरण अभियान का सुचारू शुभारंभ कराया। प्रथम दिन जिले के 13 केन्द्रों पर बड़ी संख्या में लोगों ने टीकाकरण कराकर इस अभियान को गति प्रदान की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि ग्वालियर जिले में एक मार्च को 13 टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड वैक्सीन का टीकाकरण किया जा रहा है, जिनमें से 9 टीकाकरण केन्द्रों पर 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को टीकाकरण किया गया। टीकाकरण हेतु 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग उम्र व पहचान हेतु अपने साथ पेन कार्ड, वोटर कार्ड लेकर आयें।

**इन 9 स्थानों पर लगी 60 वर्ष से ऊपर वालों को वैक्सीन :** मेंडीकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय मुरार, अपोलो अस्पताल, कल्याण हॉस्पीटल, सिविल अस्पताल हजीरा, बिरला हॉस्पीटल, अग्रवाल हॉस्पीटल, आरोग्य धाम ,सिविल अस्पताल डबरा।

**इन 4 स्थानों पर लगा दूसरा डोज :** आयुर्वेद कॉलेज लश्कर, शासकीय अस्पताल हेम सिंह की परेड, कैंसर हॉस्पीटल, नवजीवन अस्पताल।

## संभागीय आयुक्त एवं आईजी ने अधिकारियों और व्यापारियों से की चर्चा

# मेले में सैलानियों को मास्क पहनना व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य है



संभागीय आयुक्त एवं आईजी ने अधिकारियों और व्यापारियों से की चर्चा

**ग्वालियर।** ग्वालियर व्यापार मेले में आने वाले सैलानियों को कोविड-19 के संक्रमण से बचने के लिये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के साथ-साथ अनिवार्यतः मास्क पहनना होगा। मेले के सभी प्रवेश द्वारों से कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के मेले में प्रवेश न करे, यह मेला प्राधिकरण सुनिश्चित करे। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं आईजी श्री अविनाश शर्मा ने सोमवार को मेले के फैसिलिटेशन सेंटर में विभागीय अधिकारियों और मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही। मेले के आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य, एडिशनल एसपी श्री पंकज पाण्डेय, एसडीएम श्रीमती पुष्पा पुषाम, व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेश मुदगल सहित विभागीय अधिकारी और मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए मेले में आने वाले सैलानियों को सोशल डिस्टेंसिंग रखना एवं मास्क पहनना अनिवार्य करने के साथ-साथ मेले के सभी दुकानदारों को भी अपनी दुकान के सभी कर्मचारियों को अनिवार्यतः मास्क पहनने की पाबंदी करना होगी। इसके साथ ही दुकान पर आने वाले सभी ग्राहक भी मास्क पहने रहें, इसके लिये दुकानदार भी पहल करें। बैठक में यह भी तय किया गया कि मेले में सड़क पर लगने वाले ठेलों को व्यवस्थित करने हेतु कार्य किया जाए। इसके लिये एसडीएम, डीएसपी एवं मेला सचिव की एक कमेटी गठित की गई। यह कमेटी मेले में ठेलों को व्यवस्थित कराने के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने यह भी कहा कि मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम फैसिलिटेशन सेंटर, कला रंगमंच के साथ-साथ खुले मंच पर भी हो, यह भी व्यवस्था मेला प्राधिकरण करे। मेले में आने वाले सैलानियों के वाहनों की सुरक्षा हेतु सभी वाहन निर्धारित स्टेण्ड पर ही लगें। इसके साथ ही मेला प्राधिकरण स्टेण्डों पर सीसीटीव्ही कैमरे भी स्थापित करे। बैठक में यह भी तय किया गया कि स्वच्छता की दृष्टि से मेले में लगने वाली सभी दुकानों के सामने अनिवार्यतः डस्टबिन रखवाई जाए। डस्टबिन से कचरा कलेक्शन का कार्य निगम प्रतिदिन प्रभावी रूप से करे, यह भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आईजी श्री अविनाश शर्मा ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड-19 में सुरक्षा की दृष्टि से मेला प्राधिकरण के कंट्रोल रूम से निरंतर एलाउंसमेंट होना चाहिए। अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से निगम की छत्रियों पर अग्निशमन यंत्र भी स्थापित किए जाएं। मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्री महेश मुदगल ने भी मेले में दुकानदारों की सुविधा और मेले की प्रगति के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिन पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

# संभाग आयुक्त एवं आईजी ने शहर की यातायात व्यवस्था का किया निरीक्षण

## शहर के सभी हॉकर्स जोनों को व्यवस्थित कर ठेले स्थापित कराएँ

**ग्वालियर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सभी होकर्स जोनों में ठेलों को स्थापित कराया जाए। शहर के प्रमुख मार्गों पर ठेलों के कारण यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। सराफा बाजार में फुटपाथ पर रखे सामान को हटवाएँ और वाहन पार्किंग हेतु निर्धारित रेखा भी खिंचवाएँ। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं आईजी श्री अविनाश शर्मा ने सोमवार को शहर की यातायात व्यवस्था का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों के साथ शहर का भ्रमण किया और स्वच्छता अभियान के साथ-साथ यातायात व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने आकाशवाणी



चौराहा, सिटी सेंटर, एजी ऑफिस रोड़, थीम रोड़, कम्पू, बाड़ा एवं सराफा बाजार में रूककर यातायात व्यवस्था का अवलोकन किया और अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके साथ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य, एडिशनल एसपी श्री पंकज पाण्डेय सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना एवं आईजी श्री शर्मा ने कम्पू स्थित तीनों हॉकर्स जोनों का अवलोकन किया। उन्होंने नगर निगम एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीनों हॉकर्स जोनों में आस-पास के मार्गों पर लगने वाले ठेलों को शिफ्ट कराने की कार्रवाई की जाए। इन ठेले वालों को हॉकर्स जोन में उनका निर्धारित स्थल भी बताया जाए। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने नगर निगम आयुक्त से कहा है कि सभी ठेले वालों को निगम कानून के तहत उन्हें अधिकार पत्र देकर व्यवस्थित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी हॉकर्स जोनों में साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था भी निगम समय रहते पूर्ण करे। संभाग आयुक्त ने सराफे में भ्रमण के दौरान व्यवसाइयों से भी चर्चा की।

# समाजसेवी महिलाओं का किया सम्मान



**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद की शाखा समर्पण द्वारा आयोजित कार्यक्रम अरुणिमा में सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रांतीय महिला सहभागिता ज्योति शर्मा थी, एवम अध्यक्षता बेटी है तो कल है कि अध्यक्षा वन्दना भूपेंद्र प्रेमी ने की।कार्यक्रम में शाखा समर्पण की महिला सहभागिता विम्मी सचदेवा एवम मधु धीमान,मधु धवन,शशि लक्षणे, शशि अग्रवाल,पुष्पा प्रजापति,मोनिका शिवहरे,प्रान्तीय संघठन मंत्री संजय धवन उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल सचिव प्रदीप लक्षणे सह सचिव महेश धीमान आदि उपस्थित रहे। यह आयोजन महिला एव बाल विकास प्रकल्प के तहत आयोजित किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ग्वालियर।** बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में ड्यूटी कर घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार मोतीझील निवासी मनोज पुत्र हरपाल आदिवासी टीपी नगर में प्राइवेट जॉब करते है। बीती रात अपनी ड्यूटी खत्म कर वापस आ रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और भाग निकला। हादसे में घायल हो इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।



# क्षेत्राधिकारी अपने जोन की सभी जिम्मेदारियां सम्भालेंः निगमायुक्त

**ग्वालियर।** सभी क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्र में सभी जिम्मेदारियों सम्भालें तथा निरंतर भ्रमण करें और व्यवस्थाओं को देखें। जहां भी जो भी समस्या हो उसका संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर तत्काल निराकरण करायें। इसके साथ ही स्वच्छता की मोनिटरिंग के कार्य में लगे अधिकारी जरा भी लापरवाही न बरतें, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। ;द्द निर्देश नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने समय समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को दिये। सभी क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्र में सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही करें तथा यदि किसी के क्षेत्र में अवैध कालोनी विकसित होते पाई जाती है। तो उसके खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 को ध्यान में रखते हुए सभी क्षेत्राधिकारी एवं वार्ड मोनीटर अपने अपने क्षेत्र में एक-एक पाइंट चैक करें तथा डस्टबीन, सीटी-पीटी सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखें और किसी भी प्रकार की कमी होने पर तत्काल उसका निराकरण करायें। बैठक में निगमायुक्त ने जल प्रदाय को लेकर समीक्षा करते हुए, जल प्रदाय एवं सप्लाय के समय होने वाले लीकेज के लिए संबंधित क्षेत्र के सब इंजीनियर की जिम्मेदारी फिक्स करते हुए निर्देश दिये कि यदि किसी क्षेत्र में लीकेज की शिकायत मुझ तक आती है तो संबंधित के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी। मैदानी अमला जल सप्लाय के समय लगातार क्षेत्र में रहे तथा जहां भी पानी का अपव्यय, गंदे पानी की शिकायत एवं लीकेज की शिकायत हो उसको तत्काल ठीक करायें।

# कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा के लिहाज से कराएँ बारीकी से ऑडिट : कलेक्टर

## अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर सिंह ने दिए निर्देश, कहा बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो

**ग्वालियर।** कोचिंग संस्थानों के भवनों का सुरक्षा के लिहाज से बारीकी से ऑडिट कराएँ। खासतौर पर बहुमंजिला भवनों में संचालित कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होना चाहिए। यह निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में सभी एसडीएम एवं नगर निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने शहर के घने बाजारों, अस्पतालों सार्वजनिक एवं निजी भवनों में लगी लिफ्ट, आंगनबाड़ी भवन, छात्रावास, बाल गृह एवं महिला संरक्षण गृहों की भी सुरक्षा को लेकर ऑडिट कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से ऑडिट के पीछे यह उद्देश्य है कि कोचिंग संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो। इसलिये जिन बहुमंजिला भवनों में कोचिंग संचालित हैं, उन भवनों की सभी मंजिलों की सीढ़ियों व गलियारों में धुँए के वेन्टीलेशन की व्यवस्था अनिवार्यतः हो। साथ ही मुख्य विद्युत पैनल व बायरिंग सुरक्षित तरीके से होना चाहिए। भवन में अग्निशमन से संबंधित उपकरण व सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता हर समय रहे। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थानों के संचालकों एवं भवन मालिकों की सुरक्षा के लिये जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। श्री सिंह ने राष्ट्रीय भवन कोड में निर्धारित



मानकों के अनुरूप अग्नि सुरक्षा के इंतजाम कराने पर बल दिया। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि शहर के घने बाजारों में भी अग्नि दुर्घटना की संभावना न रहे। इसलिये हर बाजार का बारीकी से ऑडिट करें। बाजारों की गलियों में विद्युत लाईन प्रॉपर हो और दुकानों में भी अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। उन्होंने कहा इसी तरह शहर के सरकारी एवं निजी छात्रावासों, बाल गृह एवं महिला संरक्षण गृहों में सुरक्षा के लिये ऑडिट कराएँ। साथ ही छात्रावासों एवं बाल व महिला संरक्षण गृहों की मूलभूत सुविधाओं को भी ऑडिट के जरिए सुदृढ़ कराएँ। श्री सिंह ने कहा कि कोविड-19 की वजह से बंद रहे स्कूल के भवनों की भी ऑडिट कराएँ। स्कूलों में साफ-सफाई बेहतर हो और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित उपाय भी सुनिश्चित कराएँ। शहर के सार्वजनिक एवं निजी भवनों में लगी सभी लिफ्ट की अभियान बतौर ऑडिट कराने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि भवन स्वामियों को साफ-तौर पर ताकीद कर दें कि सुरक्षा मानकों के अनुरूप लिफ्ट में सभी इंतजाम होने चाहिए। साथ ही लिफ्ट की नियमित रूप से तकनीकी जाँच व मरम्मत कराते रहें। इस आशय के प्रमाण-पत्र भी भवन मालिकों से लिए जाएँ। बैठक में अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य व श्री टी एन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह भी निर्देश दिए कि जिले के सड़क मार्गों एवं पुल-पुलियों की भी संबंधित कार्य एजेन्सी ऑडिट करे। ऑडिट के माध्यम से संभावित दुर्घटना स्थलों का पता लगाकर सड़कों व पुल-पुलियों की मरम्मत कराएँ और उन स्थलों को दुर्घटना मुक्त क्षेत्र बनाएँ। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में कहा कि शिकायतें सिस्टम को सुधारने का अवसर देती हैं। इसलिये सीएम हैल्पलाइन में प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के साथ-साथ उन जैसे अन्य प्रकरणों को स्वतः संज्ञान में लेकर जनता की समस्यायें निपटायें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अभियान बतौर सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही आगाह किया कि एल-1 स्तर के जो अधिकारी सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर निराकरण की जानकारी नहीं भरेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। श्री सिंह ने जीवाजी विश्वविद्यालय, राजस्व विभाग, खाद्य एवं जनजाति कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को अभियान चलाकर सीएम हैल्पलाइन की पेंडेंसी जीरो पर लाने के निर्देश दिए।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478